PLANET NEWS INDIA
हर खबर सच के साथ
Follow us on:/
01
निर्भय कुमार सेंगर
(संस्थापक एवं प्रधान संपादक)



# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
RNI No.- UPHIN/25/A4228
(भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विज्ञापनों हेतु मान्यता प्राप्त)
■ वर्ष : 01 ■ अंक : 01 ■ अलीगढ, बुधवार, 02 सितंबर 2026 ■ पृष्ठ : 8 ■ मूल्य : 1/-रुपया www.planetnewsindia.com

## ईडी की बड़ी कार्रवाई: 14 ठिकानों पर हुई छापेमारी, एनएचएआई में करोड़ों की फर्जी टोल वसूली का मामला

- टोल वसूली में हुए फर्जीवाड़े की जांच।
- देशभर के 14 ठिकानों पर मारा छापा।
- NHAI का फर्जी सॉफ्टवेयर बनाकर किया करोड़ों का खेल।
- डिजिटल सबूत जुटाने, आरोपियों की पहचान करने में जुटी ED।

ईडी ने देशभर के 14 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी टोल वसूली में हुई धांधली और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में की गई है। आइए जानते हैं कि क्या है ये पूरा मामला और कैसे सरकारी खजाने से करोड़ों रुपये की लूट की गई। प्रवर्तन निदेशालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देशभर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी एनएचएआई टोल प्लाजा पर फर्जी वसूली से जुड़े मामले में की गई है। ईडी ने धन शोधन विरोधी कानून (पीएमएलए एक्ट, 2002) के तहत यह कार्रवाई की है। ईडी ने आज उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू, मध्य प्रदेश, एनसीआर और कोलकाता में अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा।

**फर्जी सॉफ्टवेयर बनाकर किया करोड़ों का खेल**

दरअसल आरोपियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के समानांतर एक फर्जी सॉफ्टवेयर बनाकर करोड़ों रुपये की अवैध वसूली की। यूपी एसटीएफ ने इस धांधली का भंडाफोड़ किया था।

जांच में पता चला कि आरोपियों ने टोल वसूली का सिर्फ पांच प्रतिशत सरकारी रिकॉर्ड में दिखाया और बाकी 95 प्रतिशत का घोटाला हो रहा था। ईडी ने इस मामले में दर्ज दो पुलिस एफआईआर पर संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू की।

**फोरेंसिक जांच में हुई धांधली की पुष्टि**

एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि फर्जी सॉफ्टवेयर से टोल रसीदें बनाकर फर्जीवाड़ा किया गया। टोल से हुई कमाई को आधिकारिक अकाउंटिंग सिस्टम से बाहर डायवर्ट कर दिया गया। ईडी की जांच में फोरेंसिक और नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के रिकॉर्ड से फर्जी सॉफ्टवेयर के इस्तेमाल की पुष्टि हो चुकी है। ईडी की ताजा छापेमारी का मकसद फर्जीवाड़े से जुड़े डिजिटल सबूत जुटाना, आरोपियों की पहचान करना और अपराध से हुई कमाई का पता लगाना है।

## Aligarh News: 12 साल बाद बंद भट्ठों पर फिर जलेगी आग



करीब 12 साल से बंद पड़े ईंट भट्ठों के लिए दोबारा कारोबार शुरू करने का रास्ता खुल गया है। शासन ने ऐसे भट्ठों के संचालन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत अलीगढ़ में 69 बंद भट्ठा संचालकों को फिर से आवेदन करने का मौका मिलेगा। इसके लिए वर्ष 2012 के समय के तीन निर्धारित दस्तावेजों में से किसी एक को प्रस्तुत करना होगा। हालांकि अनुमति मिलने के बाद भी भट्ठा संचालकों को एनजीटी के मानकों के अनुरूप जिगजैग चिमनी बनानी होगी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा ने मंगलवार को भट्ठा यूनियन के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर शासन के नए दिशा-निर्देशों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2012 से बंद कराए गए भट्ठों के संचालक दोबारा आवेदन कर सकते हैं।

इसके लिए उस समय के जिला पंचायत का अनुमति पत्र, सेल्स टैक्स का टिन नंबर अथवा मिट्टी खनन की अनुमति और उसकी रॉयल्टी की रसीदों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा। आवेदन के बाद विभागीय स्तर पर अनुमति देने पर विचार किया जाएगा। निर्धारित शर्तें पूरी करने और एनजीटी के निर्देशों के अनुसार जिगजैग तकनीक की चिमनी तैयार करने के बाद ही भट्ठे का संचालन शुरू हो सकेगा।

**सूची से होगा दस्तावेजों का मिलान**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने ईंट भट्ठा यूनियन और खनन विभाग से भी पुराने भट्ठों की सूची मांगी है। दोनों विभागों से मिली सूची का मिलान कर पात्र भट्ठा संचालकों को नए प्रावधान की जानकारी दी जाएगी।

**जिले में 600 भट्ठे, 400 में हुआ काम**

जिले में करीब 600 ईंट भट्ठे हैं। इनमें से इस साल जून तक करीब 400 भट्ठों में काम हुआ। 111 भट्ठों पर बंदी का आदेश लागू था, जबकि 80 भट्ठों को डिफाल्टर श्रेणी में रखा गया है।

**30 से ज्यादा भट्ठे अब भी अवैध संचालन में : अध्यक्ष**

ईंट भट्ठा यूनियन अलीगढ़ के अध्यक्ष जनकपाल सिंह ने आरोप लगाया कि जिले में कई भट्ठे बिना अनुमति के संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे भट्ठों की संख्या 30 से अधिक हो सकती है। इस संबंध में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

## Aligarh News: अस्पताल के वार्ड में आधी रात घुसा युवक, नाबालिग मरीज से बदसलूकी का आरोप




सरकारी अस्पताल के जिस वार्ड में नाबालिग मरीज इलाज के लिए भर्ती थी, वहां रात करीब एक बजे एक युवक के पहुंचने और उसके साथ बदसलूकी करने के आरोप से हंगामा खड़ा हो गया। किशोरी के पिता की नजर पड़ते ही शोर मचा तो वार्ड में मौजूद तीमारदारों ने युवक को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। घटना ने अलीगढ़ जिले के अतरौली क्षेत्र के 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय की रात की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीमारदारों के अनुसार युवक अस्पताल में ड्यूटी के नाम पर अक्सर रात में वार्डों में आता-जाता था। उसकी मां अस्पताल की कर्मचारी है और परिवार के साथ अस्पताल परिसर में सरकारी आवास में रहती है। आरोप है कि सोमवार देर रात करीब एक बजे युवक वार्ड में पहुंचा और वहां भर्ती नाबालिग किशोरी के साथ बदसलूकी करने लगा। इसी दौरान किशोरी के पिता की नजर उस पर पड़ गई। उनके शोर मचाने पर अन्य तीमारदार भी पहुंच गए और युवक को पकड़ लिया। मौके पर हंगामा होने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने युवक को अपने कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। किशोरी के परिजनों ने अस्पताल में रात के समय बिना अनुमति लोगों के वार्डों में आने-जाने और मरीजों की सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। इस मामले में थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि परिजनों की ओर से मामले में लिखित शिकायत नहीं दी गई है। दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है।

**ड्यूटी के नाम पर रात में वार्ड तक पहुंचने का आरोप**

तीमारदारों का कहना है कि युवक को रात के समय अस्पताल परिसर और वार्डों में आते-जाते देखा जाता रहा है। अब सवाल यह है कि भर्ती मरीजों वाले वार्ड में रात के समय उसकी मौजूदगी कैसे हुई और उसे रोकने के लिए सुरक्षा कर्मियों ने क्या व्यवस्था कर रखी थी।

**घटना गंभीर, सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाएंगे**

सीएमएस डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि रात में अवैध तरीके से अस्पताल और वार्ड में प्रवेश करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को पत्र लिखा जाएगा। अस्पताल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की जाएगी। संबंधित महिला कर्मचारी से भी जवाब मांगा गया है। लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## Aligarh News: दो माह से आ रहा दूषित पानी, लोगों को हो रही परेशानी

भुजपुरा क्षेत्र के वार्ड नंबर 72 स्थित मदीना कॉलोनी समेत आसपास के इलाकों में पिछले दो महीने से दूषित पानी की आपूर्ति हो रही है। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के अनुसार पाइपलाइन कई स्थानों पर टूटने के कारण नलों में कीचड़युक्त और गंदा पानी आ रहा है। लोगों का कहना है कि दूषित पानी इतना खराब है कि उसे घरेलू उपयोग में भी नहीं लिया जा सकता। मदीना कॉलोनी, कासिम नगर और सिराज नगर सहित कई इलाकों में यह समस्या है। गंदे पानी के कारण घरों में लगी मोटरें भी खराब हो रही हैं। लोगों के मुताबिक अब तक एक दर्जन से अधिक पानी की मोटरें खराब हो चुकी हैं। जरूरत पूरी करने के लिए लोगों को दूसरे घरों से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि गंदे पानी की समस्या को लेकर नगर निगम के अधिकारियों और क्षेत्रीय पार्षद से कई बार शिकायत की जा चुकी है। हर बार समस्या के समाधान का आश्वासन तो दिया जाता है, लेकिन मौके पर स्थायी समाधान नहीं हो सका। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



**- नजमा बानो निवासी सिराज नगर**

**स्थानीय लोगों से बातचीत**

करीब दो महीने से नलों में गंदा पानी आ रहा है। पानी में कीचड़ तक दिखाई देता है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीने के पानी के लिए दूसरे घरों पर निर्भर रहना पड़ रहा है।

**- शबनम निवासी मदीना कॉलोनी**

पाइपलाइन टूटने के कारण पानी में गंदगी आ रही है। घर में लगी पानी की मोटर भी खराब हो गई है। परिवार के लिए पानी की व्यवस्था करना रोज की बड़ी समस्या बन गई है।

**- अजीम खान निवासी मदीना कॉलोनी**

- नल खोलते ही बदबूदार और गंदा पानी आता है। इस पानी को कपड़े धोने या अन्य घरेलू कामों में भी इस्तेमाल करना मुश्किल है। अधिकारियों को कई बार समस्या बताई जा चुकी है, लेकिन अभी तक राहत नहीं मिली।

- पानी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर निगम को पूरी पाइपलाइन की जांच कराकर क्षतिग्रस्त पाइपों को दुरुस्त कराना चाहिए, ताकि पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके।

**-शमशाद निवासी मदीना कॉलोनी**

- क्षेत्र में जहां पाइप लाइन में लीकेज है, वहां कल टीम को भेजकर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

-अजय सक्सेना, प्रभारी महाप्रबंधक जलकल

## बांकेबिहारी मंदिर: जन्माष्टमी की रात 1:45 बजे मंगला आरती, 600 भक्तों की एंट्री; ऐसे होंगे ठाकुर जी के दर्शन



जन्माष्टमी की मध्यरात्रि के बाद 4-5 सितंबर की रात 1:45 बजे बांकेबिहारी मंदिर में विशेष मंगला आरती होगी, जिसमें सिर्फ 600 श्रद्धालुओं को पास के जरिए प्रवेश मिलेगा। आरती के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए पूरी रात दर्शन खुले रहेंगे और सुबह करीब 5:30 बजे मंदिर के पट बंद होंगे। वृंदावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में कान्हा के जन्म के बाद होने वाली मंगला आरती को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। चार और पांच सितंबर की मध्यरात्रि रात 1:45 बजे मंगला आरती होगी। इस विशेष आरती के दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालुओं के वृंदावन पहुंचने की उम्मीद है। इस बार भी मंदिर में केवल 600 श्रद्धालुओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए हाई पावर कमेटी की ओर से पास जारी किए जाएंगे। मंगला आरती संपन्न होने के बाद आम श्रद्धालुओं के लिए मंदिर में दर्शन खोल दिए जाएंगे। ठाकुर बांकेबिहारी जी पूरी रात भक्तों को दर्शन देंगे। सुबह करीब 5:30 बजे मंदिर के पट बंद किए जाएंगे। इसके बाद नियमित समय-सारिणी के अनुसार मंदिर में दर्शन होंगे। जन्माष्टमी के कारण इस दौरान वृंदावन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहने की संभावना है। बैठक में सेवायतों ने पिछली मंगला आरती के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। सेवायतों ने बताया कि पिछली बार मंदिर के अंदर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी दिखाई दे रहे थे। इस कारण आरती के दौरान पुलिसकर्मियों की मौजूदगी भीt चर्चा का विषय बनी थी।

इस पर हाई पावर कमेटी के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि इस बार व्यवस्था में कुछ बदलाव किया जाएगा। मंदिर के अंदर पुलिसकर्मियों और सुरक्षा में तैनात सिक्योरिटी गार्ड की संख्या सीमित रखी जाएगी। जरूरत के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए मंदिर परिसर में विशेष निगरानी की जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के आगमन पर मंदिर की व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान कमेटी के सदस्य सेवानिवृत्त जिला जज मुकेश मिश्रा, सेवायत हिमांशु गोस्वामी, रजत गोस्वामी, शैलेंद्र गोस्वामी, शैंकी गोस्वामी और मंदिर प्रबंधक मुनीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

**सेवायत और यजमान भी पास से कर सकेंगे प्रवेश**

मंगला आरती की व्यवस्था को लेकर हुई हाईपावर्ड कमेटी की बैठक में प्रवेश व्यवस्था पर विशेष चर्चा हुई। तय किया गया कि मंगला आरती में शामिल होने वालों को कमेटी की ओर से पास जारी किए जाएंगे। इसमें मंदिर के सेवायतों के साथ उनके यजमान भी शामिल होंगे। बिना पास के किसी को भी मंगला आरती के दौरान मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा मंगला आरती की कवरेज के लिए मंदिर पहुंचने वाले मीडिया कर्मियों के लिए भी पास व्यवस्था लागू रहेगी।

## Aligarh News: जेन जी के स्मार्ट आइडिया से संवरेगा अलीगढ़

**अब अलीगढ़ की सड़कों की रफ्तार, ट्रैफिक की चाल, कूड़े के निस्तारण और बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या का समाधान जेन जी के स्मार्ट दिमाग से तलाशा जाएगा। शहर को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और उसकी तस्वीर बदलने के लिए नगर निगम ने एसपीए दिल्ली और एकेटीयू के छात्र-छात्राओं से सुझाव मांगे हैं। जवाहर भवन स्थित नगर निगम के सभागार में सोमवार को स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू), लखनऊ के छात्र-छात्राओं के साथ करीब तीन घंटे तक मंथन चला। नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने विद्यार्थियों को अलीगढ़ की मौजूदा व्यवस्थाओं, नगर निगम की कार्यप्रणाली और शहर में चल रही विकास योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद शहर को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने के लिए नए और व्यावहारिक सुझाव मांगे गए। बैठक में सबसे ज्यादा जोर सफाई व्यवस्था, लीगेसी वेस्ट, जल निकासी, पेयजल, सड़कें, स्ट्रीट लाइट, ट्रैफिक, पार्क, चौराहे, ग्रीन बेल्ट, वेंडिंग जोन और सार्वजनिक स्थलों को बेहतर बनाने पर रहा। इसके अलावा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और शहरी सुंदरीकरण को के लिए विद्यार्थियों की राय ली गई। नगर आयुक्त ने बताया कि नगर निगम ई-बस सेवा, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, स्ट्रीट लाइट ऑटोमेशन, ट्यूबवेल ऑटोमेशन, डिजिटल लाइब्रेरी, ओल्ड एज होम, कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर, कॉल सेंटर और अलीगढ़ एप जैसी सुविधाओं पर काम कर रहा है। शहर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, जीआईएस सर्वे, हाउस टैक्स, पीटीआईएन नंबर, वेंडिंग जोन और डेयरियों को शहर से बाहर करने की योजना समेत विभिन्न कार्यों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई।**




**शहर को बेहतर बनाने में युवाओं की सोच महत्वपूर्ण**

नगर आयुक्त ने कहा कि शहर को बेहतर बनाने के लिए युवाओं की नई सोच बेहद महत्वपूर्ण है। एसपीए और एकेटीयू के छात्र-छात्राओं के साथ संवाद इसी दिशा में पहला कदम है। उनके सुझावों में जो विचार व्यावहारिक और जनहितकारी होंगे, उन्हें भविष्य की योजनाओं में शामिल किया जाएगा।

**महापौर प्रशांत सिंघल ने कहा कि युवाओं के साथ संवाद और सहयोग से शहर के विकास को नई दिशा दी जा सकती है। आने वाले समय में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के साथ भी सहयोग बढ़ाने की योजना है, ताकि अलीगढ़ में आधुनिक और विश्वस्तरीय जनसुविधाएं विकसित की जा सकें। बैठक में एसपीए नई दिल्ली की प्रोफेसर पूनम प्रकाश, सिमरन दीप, साई वर्षा, शिशिर कुमार समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।**

# यूपी: सीईओ सर्च कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट,

## तीन नामों का पैनल तैयार; ट्रस्ट आज करेगा अंतिम नाम पर फैसला

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले पूर्णकालिक सीईओ के चयन की प्रक्रिया अंतिम दौर में पहुंच गई है। सर्च कमेटी ने तीन नामों का पैनल ट्रस्ट को सौंप दिया है। कुल 5585 आवेदन आए थे, जिनमें कई चरणों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार के बाद तीन उम्मीदवार चुने गए। अंतिम फैसला दो सितंबर की बैठक में होगा।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले पूर्णकालिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की प्रक्रिया निर्णायक दौर में पहुंच गई है। सीईओ चयन के लिए गठित तीन सदस्यीय सर्च कमेटी ने मंगलवार को अपनी अंतिम रिपोर्ट ट्रस्ट को सौंप दी। चयन प्रक्रिया पूरी करने के बाद कमेटी ने सीईओ पद के लिए तीन नामों का पैनल तैयार किया है। अब पैनल में शामिल नामों पर अंतिम फैसला ट्रस्ट करेगा। दो सितंबर को प्रस्तावित ट्रस्ट की अहम बैठक में सीईओ के नाम पर अंतिम मुहर लगने की संभावना है।राम मंदिर परिसर में हुई बैठक में सर्च कमेटी के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति प्रमोद कोहली ने ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देवगिरी महाराज को रिपोर्ट सौंपी। इस दौरान ट्रस्ट के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। कमेटी में रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल विष्णु कांत चतुर्वेदी और पूर्व वैज्ञानिक सुरेश हावड़े भी शामिल हैं।




**प्रक्रिया में कुल 5585 आवेदन प्राप्त हुए**

सीईओ के चयन के लिए शुरू हुई प्रक्रिया में कुल 5585 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की स्क्रीनिंग के लिए कमेटी ने पात्रता, अनुभव और अन्य मानकों को शामिल करते हुए 600 अंकों का मूल्यांकन फॉर्मेट तैयार किया। इसमें 3577 आवेदकों ने हिस्सा लिया। स्क्रीनिंग के बाद 470 या उससे अधिक अंक हासिल करने वाले 108 उम्मीदवार अगले चरण के लिए चुने गए। इन उम्मीदवारों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की गई।करीब चार दिन चली इस प्रक्रिया के बाद 17 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। अंतिम चरण के लिए सभी को अयोध्या बुलाया गया। इनमें से एक उम्मीदवार व्यक्तिगत कारणों से नहीं आ सका, जबकि 16 उम्मीदवारों का दो दिन तक आमने-सामने इंटरव्यू हुआ। अनुभव, विजन, कार्यक्षमता और संबंधित विषयों की समझ समेत विभिन्न पहलुओं के आकलन के बाद कमेटी ने तीन सबसे उपयुक्त उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया।

# टोल टैक्स पर फर्जी वसूली:ईडी की धन शोधन मामले में बड़ी कार्रवाई;

## यूपी समेत इतने राज्यों में एक साथ तलाशी जारी

प्रवर्तन निदेशालय (ED) के लखनऊ जोनल ऑफिस ने NHAI के विभिन्न टोल प्लाजा पर कथित फर्जी टोल वसूली से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एक साथ 14 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन शुरू किया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू, मध्य प्रदेश, NCR और कोलकाता स्थित परिसरों पर तलाशी ली जा रही है।प्रवर्तन निदेशालय (ED) के लखनऊ जोनल कार्यालय ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के विभिन्न टोल नाकों पर कथित फर्जी टोल वसूली से संबंधित है। यह पूरा मामला धन शोधन के गंभीर आरोपों से जुड़ा है।




प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को एक साथ 14 ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया है। यह अभियान धन शोधन के आरोपों की गहन जांच के उद्देश्य से शुरू किया गया है। तलाशी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, जम्मू, मध्य प्रदेश, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) और कोलकाता में स्थित परिसरों पर ली जा रही है।इन राज्यों के विभिन्न शहरों और कस्बों में संदिग्ध ठिकानों को खंगाला जा रहा है। ED की टीमें सुबह से ही इन परिसरों पर मौजूद हैं। यह कार्रवाई फर्जी टोल वसूली के एक बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए की जा रही है। इस मामले में कई व्यक्तियों और संस्थाओं की भूमिका संदिग्ध है। निदेशालय इस मामले में सबूत जुटाने का प्रयास कर रहा है।

**फर्जी वसूली का आरोप**

यह मामला NHAI के टोल नाकों पर अवैध रूप से टोल शुल्क वसूलने से संबंधित है। आरोप है कि फर्जीवाड़ा करके करोड़ों रुपये का धन एकत्र किया गया। इस धन को बाद में वैध दिखाने का प्रयास किया गया। प्रवर्तन निदेशालय इसी धन शोधन के पहलू की जांच कर रहा है। यह जांच देशव्यापी स्तर पर की जा रही है।

**तलाशी अभियान का विस्तार**

तलाशी अभियान में ED के कई अधिकारी शामिल हैं। 14 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई से मामले की गंभीरता का पता चलता है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में कई स्थानों पर जांच चल रही है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और कोलकाता में भी महत्वपूर्ण परिसरों को खंगाला जा रहा है। इस अभियान से जुड़े और खुलासे होने की उम्मीद है।

# अयोध्या: एनएच- 27 पर भीषण हादसा,

## ट्रैक्टर-ट्रॉली में डीसीएम ने मारी टक्कर, मची चीख-पुकार, 28 लोग थे सवार




टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रॉली सड़क पर पलट गई। उसमें सवार 28 महिला, पुरुष और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत कई लोग घायल हो गए।अयोध्या में रुदौली कोतवाली क्षेत्र में बुधवार सुबह करीब छह बजे NH-27 पर मखवापुर के पास भीषण सड़क हादसा हो गया। अयोध्या दर्शन के लिए लखीमपुर खीरी से जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क पर पलट गई। उसमें सवार 28 महिला, पुरुष और बच्चों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक समेत कई लोग घायल हो गए।जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी निवासी अनुराग वर्मा के परिजन नया ट्रैक्टर लेने के बाद रिश्तेदारों के साथ अयोध्या दर्शन के लिए निकले थे। ट्रैक्टर-ट्रॉली में कुल 28 लोग सवार थे। बुधवार सुबह करीब छह बजे मखवापुर के पास पहुंचते ही पीछे से आ रही डीसीएम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई।

हादसे में ट्रैक्टर चालक विकास वर्मा (27), छोटे कश्यप (38), धनंजय वर्मा, आदित्य वर्मा (16), आदर्श, शुभम वर्मा, रेखा और दिनेश समेत कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने राहत एवं बचाव में मदद की।सूचना मिलते ही PRV-112 मौके पर पहुंची। पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सूचना पर भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस के मुताबिक डीसीएम संख्या UP 42 CT 7023 अलीगढ़ से गत्ता लेकर गोरखपुर जा रही थी। डीसीएम चालक राकेश सिंह ने पुलिस को बताया कि आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक दाहिनी ओर आ गई। ब्रेक लगाने का प्रयास किया गया, लेकिन तब तक डीसीएम ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और ट्रॉली सड़क पर पलट गई। हादसे के कारण NH-27 पर यातायात बाधित हो गया। पुलिस ने क्रेन और जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारू हो सका।भेलसर चौकी प्रभारी युवराज सिंह ने बताया कि हादसे में कई लोग घायल हुए हैं, जिन्हें तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी रुदौली भेजा गया है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन और जेसीबी की मदद से सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी जुटाई है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# दिल्ली में एक और निर्भया कांड:

## यूपी की बेटी से चलती बस में दरिंदगी पर सुलगा गांव, सिस्टम पर सवाल; पूरी कहानी

यूपी की बिटिया से दिल्ली में दरिंदगी का मामला सामने आया है। चलती बस में हुई दरिंदगी पर पीड़िता के यूपी स्थित गांव में आक्रोश है। साथ ही सिस्टम पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। महिलाओं ने दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्भया कांड के बाद कदम तो उठाए गए, मगर जिम्मेदारों ने उन्हें धरातल पर नहीं उतारा।देश की राजधानी दिल्ली में हुई हैवानियत की आंच बिटिया के गांव तक पहुंच गई है। मैनपुरी जिला मुख्यालय से करीब 22 किलोमीटर दूर बसे गांव में जब से 16 वर्षीय नाबालिग से चलती बस में दुष्कर्म की खबर पहुंची है, सन्नाटा पसर गया है। गांव वाले गुस्से में हैं। उनका कहना है कि निर्भया कांड के बाद लगा था सरकार ने बेटियों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त कदम उठाए हैं। उस तरह की घटना दोबारा नहीं होगी, लेकिन सिस्टम की नाकामी एक बार फिर सामने आ गई है। जब तक जिम्मेदार ईमानदारी से अपना काम नहीं करेंगे, बेटियां असुरक्षित रहेंगी।मंगलवार दोपहर गांव में सन्नाटे के बीच कई लोग रोजमर्रा के काम करते नजर आए। कुछ किसान खेत पर धान की फसल की सिंचाई कर रहे थे तो कुछ गांव की गलियों में इस घटना की चर्चा कर रहे थे। कह रहे थे कि सिस्टम की नाकामी की वजह से ही गांव की बेटी के साथ यह हैवानियत हुई। अब इस दर्द से उबरने में उसे और उसके परिवार को वक्त लगेगा।




लोगों ने बताया कि पीड़ित परिवार कहां गया है, इसकी जानकारी किसी को नहीं। घर पर ताला लगा है। गांव वालों ने बताया कि जब से लोगों को खबर लगी है, गांव में नेताओं का आना शुरू हो गया है। सपा के किशनी विधायक बृजेश कठेरिया समेत कई लोग आ चुके हैं। घटना पर सियासत भी शुरू हो चुकी है, लेकिन मुद्दे की बात यह है कि निर्भया कांड के बाद इतने प्रावधान किए गए। कानून में बदलाव किया गया, लेकिन बेटियां फिर भी सुरक्षित नहीं। आखिर हमारा सिस्टम कब जागेगा?

**5 अगस्त को ही बस मालिक को मिल गई थी वारदात की सूचना**

मैनपुरी की 16 वर्षीय छात्रा के साथ हुई सामूहिक दुष्कर्म की वारदात जिस स्लीपर कोच बस में हुई वह फिरोजाबाद एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत है। उसका मालिक अनिल जादौन शहर के थाना उत्तर के रैपुरा रोड स्थित इंदिरा कॉलोनी का रहने वाला है। उसे इस वारदात की जानकारी 5 अगस्त को ही लग गई थी।

# यूपी: सितंबर के पहले ही दिन प्रदेश में रिकॉर्ड बारिश, टूटा 125 साल पुराना रिकॉर्ड; इन जिलों के लिए अलर्ट जारी

Weather in UP: मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले तीन से चार दिन दक्षिणी उत्तर प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। पूर्वी और दक्षिणी जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है। अगस्त में हुई जोरदार बारिश ने उत्तर प्रदेश में कई पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्रदेश में साल 2018 के बाद यह 21वीं सदी का सबसे अधिक बारिश वाला अगस्त रहा। पूरे प्रदेश में सामान्य 235.5 मिमी के मुकाबले 291.3 मिमी बारिश हुई। प्रयागराज में अगस्त के दौरान 631.6 मिमी और बांदा में 646 मिमी बारिश दर्ज हुई। इन दोनों जिलों में वर्ष 1901 से अब तक अगस्त में इतनी बारिश कभी दर्ज नहीं की गई।

**बंगाल की खाड़ी के सात सिस्टम बने बारिश की बड़ी वजह**

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने सात निम्न दबाव क्षेत्रों ने अगस्त में मानसून को लगातार सक्रिय रखा। प्रदेश में अगस्त के दौरान सामान्य 235.5 मिमी के मुकाबले 291.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे पहले वर्ष 2018 में अगस्त में 293.1 मिमी बारिश हुई थी। इधर, मंगलवार को दक्षिणी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। प्रतापगढ़ में सर्वाधिक 147 मिमी और सोनभद्र में 140 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए यूपी के 21 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगले तीन से चार दिन दक्षिणी उत्तर प्रदेश में बारिश की गतिविधियां बनी रहेंगी। पूर्वी और दक्षिणी जिलों में अच्छी बारिश हो सकती है, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश और मध्यांचल में बारिश की रफ्तार धीरे-धीरे कम होने लगेगी।

**सितंबर में पश्चिम में कम, दक्षिण-पूर्व में ज्यादा बारिश के आसार**

सितंबर के मासिक पूर्वानुमान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम बारिश की संभावना जताई गई है। दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश में सामान्य से अधिक, जबकि मध्य और दक्षिणी हिस्सों में सामान्य बारिश हो सकती है। हालांकि, सितंबर में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है।




**इन जिलों में है भारी बारिश का येलो अलर्ट**

बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र।

**यहां है गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आस पास के क्षेत्र। राजधानी में सितंबर की शुरुआत जोरदार बारिश के साथ हुई। मंगलवार को सुबह से ही शहर के ज्यादातर इलाकों में घने काले बादल छाए रहे। सुबह करीब नौ बजे बारिश शुरू हुई, जो 11 बजे तक चलती रही। इससे दफ्तर और अन्य कामों से निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद एक बार फिर बादल सक्रिय हुए और तेज बारिश शुरू हो गई। देर शाम करीब दो घंटे तक हुई जोरदार बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों और राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।रिमझिम बारिश का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। शाम तक लखनऊ के चिनहट में 59 मिमी, 1090 चौराहे पर 54 मिमी और राजभवन क्षेत्र में 45.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। बारिश के बाद अधिकतम तापमान में गिरावट आई और मौसम में ठंडक महसूस की गई।

**अगस्त में सामान्य से 64 फीसदी अधिक हुई बारिश**

इधर मौसम विभाग ने लखनऊ में अगस्त में हुई बारिश के आंकड़े भी जारी किए हैं। इसके अनुसार लखनऊ में अगस्त के दौरान 330.7 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 64 फीसदी अधिक है।

# असली नोटों के बीच छिपाए थे करोड़ों:

## पहली और आखिरी गड्डी के बीच में जाली नोट, सामान्य स्याही और पेपर का उपयोग

पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट में मिले जाली नोटों के खेल में नया खुलासा हुआ है। असली नोटों के बीच गड्डी में जाली नोट छिपाए गए थे। सामान्य स्याही और पेपर का इस्तेमाल हुआ था। 10 गड्डियों को मिलाकर पांच लाख रुपये का एक बंडल तैयार किया जाता था।पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की करेंसी चेस्ट में हुए 17 करोड़ रुपये के गबन मामले की जांच तेज हो गई है।मंगलवार को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की टीम जांच के लिए पहुंची। शुरुआती जांच में पांच लाख के नोटों का ऐसा बंडल मिला है, जिसमें 10 गड्डियों में से आठ गड्डियां जाली नोटों की थीं।पहली और आखिरी गड्डी असली और बीच में नकली नोटों की गड्डियां रखी गई थीं। जांच टीम को ऐसे कई और बंडल मिलने की बात सामने आ रही है। वहीं, आरोपी अधिकारियों के बैंक खाते सीज कर दिए गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।



महानगर के घंटाघर स्थित पीएनबी की करेंसी चेस्ट में टीम नोटों की जांच कर रही है। दोपहर के समय आरबीआई की टीम पहुंची, जिसने कई घंटे तक जांच-पड़ताल की। बताया जा रहा कि 500 रुपये के 100 नोटों की एक गड्डी में 50 हजार रुपये होते हैं। ऐसी 10 गड्डियों को मिलाकर पांच लाख रुपये का एक बंडल तैयार किया जाता है।इसी व्यवस्था का फायदा उठाकर जाली नोटों की अदला-बदली का खेल किए जाने की आशंका है। जांच के दौरान शुरुआती रैक में रखे बंडल सामान्य मिले। इसके बाद जैसे-जैसे टीम आगे की रैक तक पहुंची, नकली नोटों वाली गड्डियां मिलने लगीं। पांच-पांच लाख के बंडलों को इस तरह व्यवस्थित किया गया था कि सामान्य जांच में नोट तुरंत पकड़ में न आएं। यह भी सामने आया कि कई गड्डियां ऐसी भी मिलीं, जिसमें ऊपर और नीचे की तरफ असली नोट थे और बीच में जाली नोट लगाए गए थे।

**सामान्य स्याही और पेपर का हुआ इस्तेमाल**

करेंसी चेस्ट में मिले जाली नोटों की जांच कर रही टीम यह भी देख रही है कि चेस्ट में रखे गए जाली नोटों की गुणवत्ता किस स्तर की है। टीम को जांच में पता चला है कि जाली नोटों को बनाने में सामान्य स्याही और पेपर का इस्तेमाल किया गया है। हालांकि यह जानकारी भी जुटाई जा रही है कि इन जाली नोटों को कहां छापा गया है।

**हर करेंसी चेस्ट की जांच के दिए गए निर्देश करेंसी चेस्ट में जाली**

नोट मिलने के बाद मुख्यालय भी अलर्ट हो गया है। इतनी बड़ी संख्या में जाली नोट मिलने के बाद मुख्यालय की तरफ से सभी करेंसी चेस्ट में जांच करने के निर्देश दिए हैं। जिले में पंजाब नेशनल बैंक की दो करेंसी चेस्ट हैं। एक महानगर और दूसरे गंगोह में। फिलहाल महानगर स्थित करेंसी चेस्ट से लेन-देन रोक दिया गया है। सभी कैश की निकासी और जमा गंगोह स्थित करेंसी चेस्ट की जा रही है। पीएनबी के अलावा जिले में अन्य बैंकों की भी करेंसी चेस्ट हैं।

## प. एशिया तनाव: ईरान में शादी के जश्न पर बरसीं अमेरिकी मिसाइलें, चार साल के बच्चे समेत पांच की मौत; 50+ घायल




ईरान के सिरिक में अमेरिकी हवाई हमले की चपेट में शादी समारोह आ गया, जिसमें चार साल के बच्चे समेत पांच लोगों की मौत और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए। आखिर हमला कैसे हुआ? अमेरिकी सेना ने किन ठिकानों को निशाना बनाया? आइए, जानते हैं...

ईरान के सिरिक इलाके में एक शादी समारोह उस समय मातम में बदल गया, जब अमेरिकी हवाई हमले की चपेट में यह कार्यक्रम आ गया। ईरानी अधिकारियों और सरकारी मीडिया के मुताबिक, हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है। मृतकों में चार साल का एक बच्चा भी शामिल है। वहीं, 50 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास स्थित तटीय क्षेत्र में हुई। ईरानी अधिकारियों ने इसे युद्ध के दौरान नागरिकों के लिए सबसे गंभीर घटनाओं में से एक बताया है।

**ईरान ने हमले को बताया क्रूरता**

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई को इससे पहले हुई घटनाओं से अलग करके नहीं देखा जा सकता। प्रवक्ता ने विशेष रूप से मिनाब में एक स्कूल पर हुए हवाई हमले का उल्लेख किया, जिसमें ईरानी अधिकारियों के अनुसार युद्ध के पहले दिन एक बालिका विद्यालय में 160 लोगों की जान गई थी। मिनाब की घटना को लेकर अमेरिकी रक्षा विभाग की ओर से अभी तक आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है। हालांकि, एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि यह हमला पुराने लक्ष्य संबंधी आंकड़ों के इस्तेमाल का नतीजा हो सकता है।

**अमेरिका-ईरान के बीच फिर बढ़ा तनाव**

सिरिक में शादी समारोह पर हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिका और ईरान के बीच एक बार फिर सैन्य तनाव तेज हो गया है। बुधवार को दोनों देशों के बीच पिछले कई हफ्तों में सबसे बड़ा सैन्य टकराव देखने को मिला। अमेरिका की ओर से आगे और भी अधिक व्यापक हमले किए जाने की चेतावनी दी गई है। ऐसे में शादी समारोह में हुई नागरिक मौतों ने युद्ध के मानवीय प्रभाव को लेकर चिंता और बढ़ा दी है।

**अमेरिकी सेना ने किन ठिकानों को बनाया निशाना?**

अमेरिकी सेना ने मंगलवार को ईरान में चाबहार और केशम द्वीप समेत कई अहम ठिकानों पर मिसाइलों से हमला किया। भारतीय समयानुसार रात करीब साढ़े नौ बजे शुरू हुए हमलों में ईरान के इस्लामी रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के ठिकानों को भी निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के मुताबिक, इन हमलों में एयर डिफेंस सिस्टम, रडार प्रतिष्ठान, समुद्री संसाधन और संचार से जुड़े ठिकाने शामिल थे। इसके अलावा बारूदी सुरंग बिछाने की क्षमता से संबंधित सुविधाओं को भी निशाना बनाया गया।

## आर्थिक नीति: जी20 मंच से इतर रूस, कोरियाई दल से सीतारमण की मुलाकात; आईएमएफ एमडी ने भारत की तारीफ में क्या कहा?




अमेरिका के एशविले में आयोजित जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रूस, दक्षिण कोरिया, आईएमएफ, विश्व बैंक और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका के एशविल में आयोजित जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नरों की बैठक से इतर कई अहम देशों और अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। इन मुलाकातों में भारत के आर्थिक सहयोग, निवेश, वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय साझेदारी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

**रूस के वित्त मंत्री से किन मुद्दों पर हुई बातचीत?**

सीतारमण ने रूस के वित्त मंत्री एंटोन सिलुआनोव के साथ बैठक में द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने और क्षेत्रीय व वैश्विक आर्थिक घटनाक्रम पर विचार साझा किए। दोनों पक्षों ने बहुपक्षीय मंचों पर साझा हितों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की। बैठक में न्यू डेवलपमेंट बैंक और एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक के साथ सहयोग बढ़ाने के मुद्दे पर विचार हुआ। दोनों नेताओं ने इन संस्थानों को प्रभावी बहुपक्षीय विकास बैंकों के रूप में मजबूत करने के लिए साझा हित वाले क्षेत्रों की संभावनाएं तलाशीं। इसके अलावा शंघाई सहयोग संगठन (SCO) डेवलपमेंट बैंक की स्थापना पर भी चर्चा हुई।

**दक्षिण कोरिया के साथ आर्थिक साझेदारी पर जोर**

वित्त मंत्री ने दक्षिण कोरिया के उप प्रधानमंत्री एवं अर्थव्यवस्था और वित्त मंत्री कू यून-चोल से भी मुलाकात की। बैठक में भारत-कोरिया आर्थिक और वित्तीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। सीतारमण ने कहा कि भारत दक्षिण कोरिया को एक महत्वपूर्ण आर्थिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के बीच संबंधों से कई क्षेत्रों में पारस्परिक लाभ हुआ है। दोनों मंत्रियों ने भारत-कोरिया वित्त मंत्रियों की बैठक को आगे बढ़ाने के लिए जल्द कार्यस्तरीय बातचीत शुरू करने पर सहमति जताई। बैठक में महत्वपूर्ण खनिजों, मजबूत सप्लाई चेन और अन्य उभरते रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। सीतारमण ने दक्षिण कोरिया से उभरते क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने का स्वागत किया और कहा कि भारतीय कंपनियां भी कोरिया में निवेश की संभावनाएं तलाश सकती हैं। इसके अलावा एनआईआईएफ के माध्यम से निवेश सहयोग मजबूत करने और भारत में बुनियादी ढांचे तथा हरित बदलाव से जुड़े निवेश के लिए कोरिया के ईडीसीएफ ढांचे के तहत प्रस्तावित रियायती ऋण सुविधा को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। दोनों देशों के QR आधारित भुगतान सिस्टम की इंटरऑपरेबिलिटी पर चल रहे प्रयासों पर भी बातचीत हुई। इससे दोनों देशों के बीच भुगतान को आसान बनाने और आर्थिक एवं लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करने में मदद मिलने की उम्मीद है।

**IMF प्रमुख ने भारत की आर्थिक क्षमता की सराहना की**

निर्मला सीतारमण ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा से भी मुलाकात की। दोनों के बीच वैश्विक आर्थिक परिदृश्य और भारत की बदलती विकास यात्रा पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय के अनुसार, जॉर्जीवा ने भारत के मजबूत आर्थिक प्रदर्शन और उसके ट्रैक रिकॉर्ड की सराहना की। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था में बनी मजबूती और देश में हो रहे संरचनात्मक बदलावों का उल्लेख किया। सीतारमण ने भारत के मजबूत व्यापक आर्थिक आधारों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं में हो रहे संरचनात्मक बदलावों को आर्थिक आकलन और विकास अनुमानों में उचित तरीके से शामिल करने की जरूरत पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने आईएमएफ की क्षमता निर्माण पहलों पर भी चर्चा की। इसमें संस्थागत क्षमता, व्यापक आर्थिक नीति निर्माण और सांख्यिकी व्यवस्था को मजबूत करने से जुड़ा सहयोग शामिल है।

**विश्व बैंक और यूरोपीय संघ के साथ भी हुई बातचीत**

सीतारमण ने विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष अजय बंगा और यूरोपीय आयोग के आर्थिक एवं वित्तीय मामलों के आयुक्त वाल्दिस डोम्ब्रोव्स्किस के साथ भी उच्चस्तरीय बैठकें कीं। अजय बंगा के साथ बातचीत में भारत में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुए बदलाव और देश की विकास महत्वाकांक्षाओं को समर्थन देने के लिए विश्व बैंक समूह के विभिन्न साधनों के इस्तेमाल की संभावनाओं पर चर्चा हुई। भारतीय कंपनियों के विदेशों में निवेश के लिए MIGA की भूमिका और राजनीतिक जोखिम बीमा के अवसरों पर भी विचार हुआ। सीतारमण ने भारत में ग्लोबल डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर नॉलेज हब स्थापित करने को लेकर विश्व बैंक समूह के साथ चल रहे सहयोग का भी उल्लेख किया। इसमें कृषि समेत विभिन्न क्षेत्रों में तकनीक के इस्तेमाल की संभावनाएं तलाशने पर जोर दिया गया। वहीं, यूरोपीय आयोग के आयुक्त डोम्ब्रोव्स्किस के साथ बैठक में भारत-ईयू आर्थिक एवं वित्तीय साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने भारत-ईयू व्यापक आर्थिक संवाद और ट्रेड एंड टेक्नोलॉजी काउंसिल (टीटीसी) के जरिए सहयोग आगे बढ़ाने पर विचार किया। बैठक में भारत-ईयू एफटीए और इन्वेस्टमेंट प्रोटेक्शन एग्रीमेंट से जुड़ी बातचीत को भी आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

## 'ऐसा गृह युद्ध होता, जिससे हम कभी उबर नहीं पाते': जेडी वेंस का बड़ा खुलासा, दुनिया के खात्मे पर भी बोले




अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि साल 2024 में जब ट्रंप पर जानलेवा हमला हुआ था, अगर उसमें ट्रंप की मौत हो जाती तो देश में गृह युद्ध हो जाता। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने एक पॉडकास्ट में चौंकाने वाला बयान देते हुए कहा कि अगर 2024 में डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले में उनकी मौत हो जाती तो देश में ऐसा गृह युद्ध होता, जिससे अमेरिका कभी उबर नहीं पाता। पॉडकास्ट में वेंस ने दुनिया के अंत पर भी अपने विचार साझा किए। ईसाई पॉडकास्टर ब्राइस क्रॉफर्ड के साथ बातचीत में जेडी वेंस ने धर्म, अध्यात्म समेत कई मुद्दों पर अपने विचार रखे।

**'ट्रंप की मौत से अमेरिका में छिड़ जाता गृह युद्ध'**

साल 2024 में अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में राष्ट्रपति चुनाव के प्रचार के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति पर जानलेवा हमला हुआ था। उस हमले में ट्रंप बाल-बाल बचे थे और एक गोली उनके कान को छूकर निकली थी और ट्रंप के एक समर्थक की मौत हो गई थी। उस घटना पर जेडी वेंस ने कहा, 'अगर 2024 में हुई हत्या की कोशिश में डोनाल्ड ट्रंप की मौत हो जाती, तो वे हमेशा सोचते रहते कि यह किसी साजिश का हिस्सा था और शायद वे किसी दूसरे रिपब्लिकन को भी अगला राष्ट्रपति मानने को तैयार नहीं होते।' ट्रंप खुद भी 2024 के हमले में खुद की जान बचने को दैवीय कृपा मानते रहे हैं, और वेंस भी ऐसा ही मानते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा, 'अगर गोली से ट्रंप की मौत हो जाती, तो देश में ऐसा गृह-संघर्ष होता जिससे शायद देश कभी उबर नहीं पाता।' वेंस ने कहा, 'ट्रंप के कई समर्थकों को लगता कि किसी साजिश के तहत उनका चुना हुआ राष्ट्रपति छीन लिया गया, और उनके मन में भी कहीं न कहीं ऐसे ही विचार आते। इससे हमारे पूरे राजनीतिक सिस्टम की वैधता पर ही सवाल उठ जाता।'

**दुनिया के अंत पर भी बोले वेंस**

क्रॉफर्ड ने वेंस से दुनिया के अंत में उनकी दिलचस्पी के बारे में भी पूछा। इस पर उपराष्ट्रपति ने हंसते हुए कहा कि 1990 के दशक के आखिर में जवानी के दिनों में उनकी भी इसमें दिलचस्पी थी, जब लोग नई सदी के आने के साथ दुनिया के खत्म होने की संभावनाओं पर चर्चा कर रहे थे। हंसते हुए वेंस ने एक दोस्त की कहानी सुनाई जिसे यह जुनून सवार था कि 2007 के आखिर में दुनिया खत्म हो जाएगी और उसने क्रेडिट कार्ड पर भारी कर्ज ले लिया था।

**एआई को लेकर जताई चिंता**

वेंस ने कहा, 'दुनिया में कुछ ऐसी चीजे हैं, जिन्हें देखकर मुझे हैरानी नहीं होगी अगर 'एंटीक्राइस्ट' (शैतान का रूप) हमारे बीच घूम रहा हो, लेकिन फिर भी, मैं इस पर बहुत ज्यादा ध्यान नहीं देने की कोशिश करता हूं।' उन्होंने IT कंपनियों और इंसानी बातचीत की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल पर चिंता जताई।

**ट्रंप को बताया मजाकिया इंसान**

बीते दिनों ट्रंप ने ईसा मसीह के रूप में अपनी एक एआई तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी, जिस पर खासा विवाद हुआ था। हालांकि वेंस ने ट्रंप का बचाव किया। उन्होंने कहा, 'उनका मकसद भगवान का मजाक उड़ाना या उनकी नकल करना नहीं था, वे ऐसे इंसान नहीं हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'राष्ट्रपति अक्सर चीजों को हल्का-फुल्का रखने की कोशिश करते हैं और लगातार मजाक करते रहते हैं। मुझे लगता है कि अगर लोग इस बात को समझें, तो उन्हें पता चलेगा कि वे किसी को बुरा महसूस नहीं कराना चाहते, बल्कि माहौल को हल्का-फुल्का रखना चाहते हैं।'

## न्यूयॉर्क-न्यूजर्सी के परिवारों में मातम: हमेशा अंतिम यात्रा बता कैलाश जाती थीं अमिता...इस बार नहीं लौटीं




- चुनाव अभियान के तहत हजारों डॉलर देकर बनवाए जा रहे वीडियो।
- दर्शकों को पेड संदेश की नहीं देते जानकारी।
- सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पैसे देकर अपना प्रचार करा रहे अमेरिकी नेता।

अमेरिका में चुनाव प्रचार का मैदान तेजी से सोशल मीडिया की ओर खिसक रहा है। उम्मीदवार और उनके अभियान अब टीवी विज्ञापनों और रैलियों के साथ लोकप्रिय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को भी अपने संदेश का माध्यम बना रहे हैं। लाखों फॉलोअर्स वाले इन क्रिएटर्स की सामान्य वीडियो सामग्री दर्शकों को पारंपरिक राजनीतिक विज्ञापन की तुलना में ज्यादा सहज और विश्वसनीय लगती है।

चिंता की बात यह है कि कई मामलों में इन्फ्लुएंसर्स को हजारों डॉलर देकर उम्मीदवारों या राजनीतिक मुद्दों के समर्थन में वीडियो बनवाए गए, लेकिन दर्शकों को स्पष्ट रूप से नहीं बताया गया कि इन पोस्ट के लिए भुगतान किया गया है। इससे किसी इन्फ्लुएंसर की निजी राय और पैसे लेकर तैयार किए गए राजनीतिक संदेश के बीच अंतर करना मुश्किल हो जाता है। पेड प्रचार का यह नेटवर्क न्यूयॉर्क टाइम्स की पड़ताल में सामने आया है। पड़ताल के दौरान पाया गया कि कैलिफोर्निया के गवर्नर पद के लिए उम्मीदवार टॉम स्टेयर के अभियान ने फरवरी से अगस्त के बीच कम से कम 17 इन्फ्लुएंसर्स को 5,000 डॉलर या उससे अधिक का भुगतान किया।

इनमें टिकटॉक पर 14 लाख से अधिक फॉलोअर्स वाले कार्लोस एडुआर्डो एस्पिना भी शामिल थे। पूर्व प्रतिनिधि कैटी पोर्टर के अभियान ने 12 इन्फ्लुएंसर्स को कुल 1,39,500 डॉलर दिए। लाइफस्टाइल क्रिएटर एवरी साइरस को एक पोस्ट के लिए 25,000 डॉलर मिले। असल मुद्दा यह नहीं कि इंफ्लूएंसर्स प्रचार का हिस्सा बन रहे, बल्कि सवाल यह है कि लोगों के सामने जाहिर की जा रही उनकी राय कितनी स्वतंत्र है।

**पेड पोस्ट संबंधी नियमों का उल्लंघन**

कैलिफोर्निया में राजनीतिक पेड पोस्ट के लिए भुगतान की जानकारी देने के नियम हैं, लेकिन उनका पालन नहीं हो रहा। कैटी पोर्टर के समर्थन में इन्फ्लुएंसर्स की तीन ऐसी टिकटॉक पोस्ट सामने आईं, जिनमें भुगतान का खुलासा नहीं था। सात अन्य पोस्ट में यह जानकारी कमेंट सेक्शन में थी, जहां सामान्य दर्शक का ध्यान आसानी से नहीं जाता। पेड राजनीतिक पोस्ट के लिए स्पष्ट नियम केवल कुछ अमेरिकी राज्यों में ही हैं और वे मुख्यतः राज्य तथा स्थानीय चुनावों पर लागू होते हैं। फेडरल इलेक्शन कमीशन के सामने ऐसे नियमों के प्रस्ताव तो आए हैं, लेकिन व्यवस्था लागू हुई है।

**लोगों को अभियान राजनीतिक होने की नहीं लगती भनक**

यह साठगांठ केवल उम्मीदवार और इन्फ्लुएंसर के बीच सीधे भुगतान तक सीमित नहीं है। कई मामलों में मार्केटिंग एजेंसियां और डिजिटल कंटेंट कंपनियां बीच की कड़ी बनती हैं। इससे यह पता लगाना और कठिन हो जाता है कि किसी वीडियो के पीछे राजनीतिक अभियान का पैसा है या वह वास्तव में क्रिएटर की स्वतंत्र राय है।

**कई राज्यों तक फैला नेटवर्क**

पेज डनमेयर के मामले में पाया गया कि उन्होंने कैलिफोर्निया में स्टेयर के समर्थन में वीडियो बनाए और बाद में मिशिगन तथा विस्कॉन्सिन के राजनीतिक मुद्दों पर भी सामग्री पोस्ट की।

## एचडीएफसी बैंक: सीईओ की रेस में चार दिग्गज, किसके पास कितना अनुभव, कौन दौड़ में आगे? जानिए सबकुछ




एसबीआई के पूर्व चेयरमैन दिनेश खारा का नाम बाहरी उम्मीदवारों में शामिल है। उन्हें देश के सबसे बड़े बैंक की विशाल बैलेंस शीट और जटिल वित्तीय संस्थान को संभालने का करीब चार दशक का अनुभव है।66 वर्षीय वी श्रीनिवास रंगन बैंक के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। वह मानव संसाधन, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग, कानूनी मामलों, सूचना सुरक्षा, एथिक्स, फ्रॉड और विजिलेंस जैसे महत्वपूर्ण विभाग का कार्यभार संभाल रहे हैं।एक्सिस बैंक के सीईओ अमिताभचौधरी भी संभावितों में शामिल हैं। उन्होंने जनवरी 2019 में बैंक की कमान संभाली थी। उनके कार्यकाल में सिटी बैंक के कंज्यूमर बिजनेस का अधिग्रहण पूरा किया गया।गौरतलब है कि इसी साल मार्च महीने में भारत के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक में कॉर्पोरेट गवर्नेंस से जुड़े विवाद के बीच पूर्व चेयरमैन अतानु चक्रवर्ती ने अचानक पद छोड़ दिया था। इसके बाद जून में बैंक के निदेशक मंडल (बोर्ड) ने पूर्व आईएएस अधिकारी और भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को बैंक का नया पार्ट-टाइम (नॉन-एग्जीक्यूटिव) चेयरमैन नियुक्त करने का फैसला लिया।

एचडीएफसी बैंक के सीईओ बनने की रेस में जगदीशन के बाद दिनेश खारा समेत कई बड़े बैंकर दावेदारों में शामिल हैं।देश के सबसे बड़े निजी बैंक एचडीएफसी बैंक ने नए सीईओ की तलाश तेज कर दी है। सूत्रों के अनुसार, मौजूदा सीईओ शशिधर जगदीशन के कार्यकाल विस्तार की दौड़ से बाहर होने के बाद बैंक नए चेहरे की तलाश के लिए इसी सप्ताह एक एग्जीक्यूटिव सर्च फर्म नियुक्त कर सकता है।क्या एचडीएफसी बैंक देश में सबसे मूल्यवान? करीब 115 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण वाला एचडीएफसी बैंक देश का सबसे मूल्यवान बैंक है। जून 2026 के अंत तक बैंक के पास देश की कुल जमा राशि का करीब 12% हिस्सा था। सीईओ की दौड़ में बैंक के ही कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अनुभवी बैंकरों के नाम भी चर्चा में हैं। कैजाद भरुचा

एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैजाद भरूचा (61) प्रमुख दावेदार माने जा रहे हैं। तीन दशक से बैंक से जुड़े भरूचा अभी रिटेल और होलसेल बैंकिंग कारोबार संभालते हैं। वह 2014 से बैंक में पूर्णकालिक निदेशक हैं।

## अचानक नहीं जाती जान: जिम या डांस में मौत के पीछे खून का थक्का, 25 अस्पतालों में आईसीएमआर की स्टडी; सतर्क रहें




जिम में कसरत, डांस या रोजमर्रा के काम के दौरान अचानक होने वाली युवाओं की मौतों के पीछे खून का थक्का बनने का आनुवंशिक इतिहास, दूसरी बीमारियां, धूम्रपान जैसे कारक प्रमुख रूप से सामने आए हैं। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान के शोधकर्ताओं ने एक अध्ययन में यह खुलासा किया है।यह अध्ययन उन मरीजों पर किया गया, जिन्हें समय पर इलाज मिलने के बाद बचा लिया गया। इस अध्ययन के जरिये यह समझने की कोशिश की गई कि कम उम्र में दिल के दौरे व खून के थक्के बनने के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हो सकते हैं।देश के 25 बड़े अस्पतालों में 18 से 45 वर्ष के 767 मरीजों को अध्ययन में शामिल किया गया। इनमें 432 यानी 56.3% को दिल का दौरा, जबकि 198 यानी 25.8 को दिमाग की नस में रक्त प्रवाह थमने की समस्या हुई। दोनों को मिलाकर 82% मामले थे। इनमें 614 यानी 80.1% मरीज 31 से 45 साल के थे। इस शोध से उन युवाओं को अलर्ट किया जा सकता है, जिनमें खतरा सामान्य से ज्यादा है।

## तीसरी पीढ़ी तक टूट जाते हैं 87% बिजनेस: लियोनार्ड्स मॉडल बनेगा संजीवनी, क्या है इसकी खासियत?




बात हो रही है ग्रॉसरी स्टोर्स के डिज्नीलैंड के नाम से मशहूर अमेरिकी चेन स्टीव लियोनार्ड्स की। यहां खरीदारी करना एक एक जादुई अनुभव है। स्टोर के भीतर दाखिल होते ही ग्राहकों का स्वागत फार्म फ्रेश फाइव नामक रोबोटिक म्यूजिकल बैंड करता है, जहां दूध के कार्टन और डेयरी उत्पादों के पुतले झूमते और गाते नजर आते हैं। इस अनूठी संस्कृति और ग्राहकों के प्रति अटूट प्रेम के दम पर कंपनी के 70 वर्षीय सीईओ स्टीव लियोनार्ड जूनियर पिछले 44 वर्षों से कंपनी की कमान पूरी संभाल रहे हैं।प्रसिद्ध लेखक और फैमिली बिजनेस अटॉर्नी अलेजांद्रो कार्डेनास विला के अनुसार, जैसे-जैसे तीसरी पीढ़ी आती है, परिवार का दायरा बढ़ जाता है, महत्वाकांक्षाएं टकराती हैं और पेशेवर सोच की कमी के चलते कंपनियां या तो बिक जाती हैं 30 % कंपनियां ही पहली पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंच पाती हैं।

करीब 87% पारिवारिक कारोबार तीसरी पीढ़ी तक पहुंचते-पहुंचते टूट जाते हैं। अमेरिका के स्टीव लियोनार्ड्स ने इससे बचने के लिए चार साल की उत्तराधिकार योजना और पांच कड़े नियम बनाए हैं। इनमें बाहरी नौकरी का अनुभव, पेशेवर अनुशासन, जिम्मेदारियों का बंटवारा और परिवार के बीच संवाद शामिल हैं। क्या यह मॉडल पारंपरिक कारोबार को तीसरी पीढ़ी तक बचाने का रास्ता दिखा सकता है? पढ़िए रिपोर्टकॉर्पोरेट गलियारों में एक कड़वी सच्चाई अक्सर दोहराई जाती है कि लगभग 87% से 90% पारिवारिक व्यवसाय तीसरी पीढ़ी की देहरी पार करते-करते या तो दम तोड़ देते हैं या आपसी कलह की भेंट चढ़ जाते हैं। लेकिन अमेरिका के कनेक्टिकट स्थित स्टीव लियोनार्ड्स ने एक ऐसा मॉडल पेश किया है, जो दुनिया भर के फैमिली बिजनेस के लिए एक केस स्टडी बन गया है।13 % कारोबार ही दूसरी से तीसरी पीढ़ी तक अपनी चमक बरकरार रख पाते हैं।

## 45 नए गति शक्ति कार्गो टर्मिनल: घटेगी लागत, 3600 करोड़ का निवेश; वित्त वर्ष 2027-28 तक शुरू होंगे सभी टर्मिनल

**देश में शुरू होने वाले 45 नए गति शक्ति कार्गो टर्मिनल से लागत घटाने में मदद मिलेगी। 3,600 करोड़ के निवेश से वित्त वर्ष 2027-28 तक सभी टर्मिनल शुरू होने की संभावना है।**

**कमोडिटी हब और निजी उत्साह**

इन कार्गो टर्मिनलों को जरूरत के हिसाब से विशेष कमोडिटी हब के तौर पर विकसित किया जाएगा। निर्माण परियोजनाओं के लिए सीमेंट और स्टील के अलग टर्मिनल होंगे। पावर प्लांट्स तक कोयला सप्लाई के लिए थर्मल और कोल हब बनेंगे। कृषि क्षेत्रों के पास साइलो और कोल्ड-चेन वाले एग्री-लॉजिस्टिक्स टर्मिनल बनाए जाएंगे। जुलाई 2026 तक निजी कंपनियों से 543 आवेदन मिले, जिनमें से 345 को सैद्धांतिक मंजूरी मिल चुकी है।





भारत में उच्च लॉजिस्टिक्स लागत विनिर्माण और व्यापार की बड़ी रुकावट है। यह देश के जीडीपी का 13 से 14 फीसदी है, जबकि वैश्विक औसत 8 फीसदी है। रेल मंत्रालय ने इसे कम करने के लिए गति शक्ति मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल नीति के तहत 45 नए टर्मिनल बनाने को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। इसके तहत देशभर में अबतक कुल 147 कार्गो टर्मिनल शुरू हो चुके हैं। इन टर्मिनलों के निर्माण पर करीब 3,600 करोड़ रुपये का निजी निवेश आएगा।



## आर्थिक मोर्चे पर आशा की किरण: भारत में बढ़ रहे धनकुबेर,आईटी सेवा में नौकरी के अवसर बढ़े; पीएम की अपील क्या?

आर्थिक मोर्चे पर भारत की स्थिति कैसी है, ये समझने के लिए कुछ आंकड़े देखे जा सकते हैं। नौकरियों के अवसर, जीएसटी संग्रह और डिजिटल भुगतान प्रणाली- यूपीआई को लेकर उम्मीद से भरी सूचनाएं सामने आई हैं। एक नजर इन आंकड़ों पर वैश्विक संकट में भी देश की विकास दर 7.8% रहने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई देते हुए देशवासियों को स्वदेशी का मंत्र दिया। पीएम ने लोगों से गैर-जरूरी सोने की खरीदारी न करने की फिर अपील की। यह भी कहा, विदेश यात्रा अगर घूमने-फिरने के लिए कर रहे हैं, तो नहीं करनी चाहिए। अगर विदेश में शादी कर रहे हैं, तो ऐसा नहीं करना चाहिए। वेड इन इंडिया व वोकल फॉर लोकल का मंत्र अपनाएं। एससीओ सम्मेलन में बिश्केक पहुंचे मोदी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में जीडीपी वृद्धिदर को देशवासियों की इच्छाशक्ति का नतीजा बताया।पीएम ने कहा, एक तरफ युद्ध की खबरें आ रही हैं। पूरी दुनिया संकटों से जूझ रही है। आपूर्ति शृंखलाएं बुरी तरह बाधित हैं। 2020 में कोविड से अब तक कहीं स्थिरता नहीं है। फिर भी भारत तेजी से बढ़ रहा।




पश्चिम एशिया में अमेरिका ईरान की जंग, चार साल से अधिक समय से जारी रूस और यूक्रेन के संघर्ष समेत कई अन्य भू-राजनीतिक कारणों से वैश्विक तनाव के बीच भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार ने इसे उत्साहवर्धक बताया है। इसी बीच नौकरी, टैक्स और यूपीआई से जुड़े कुछ आंकड़े सामने आए हैं, जिन्हें अर्थव्यवस्था के लिए उम्मीद से भरा माना जा रहा है। रेटिंग फर्म जूलियस बेयर-ईवाई की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में अत्यधिक अमीर बढ़ रहे हैं। 25 करोड़ से अधिक की संपत्ति वाले अभी 19 हजार से ज्यादा हैं। 2031 तक 25 हजार से अधिक हो जाएंगे।भारत के फैमिली ऑफिस के पास लगभग 70,000 करोड़ की संपत्ति है, जो तीन साल में बढ़कर 1.05 लाख करोड़ रुपये हो सकती है। आईटी सेवा क्षेत्र में लंबे समय की सुस्ती के बाद सितंबर में नौकरियों की मांग 18 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। कुल मांग में करीब 60% हिस्सेदारी वरिष्ठ और मझौले पदों की है।एक्सफेनो के मुताबिक, आईटी सेवा क्षेत्र में प्रतिभावान कर्मियों की मांग सितंबर में बढ़कर 57,000 पदों पर पहुंच गई

## सोने-चांदी में कमजोरी: दिल्ली में 2700 रुपये टूटा सोना, पांच दिनों में ₹8,900 की गिरावट, जानिए अब आगे क्या




**आज सोने और चांदी के भाव में कितनी बड़ी गिरावट आई है?**

स्थानीय सर्राफा डीलरों के अनुसार, मंगलवार को दिल्ली में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये गिरकर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर बंद हुई। यह सोने का लगभग दो सप्ताह का निचला स्तर है। इससे पहले सोमवार को सोना 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। दिलचस्प बात यह है कि सोना ठीक इसी तरह के निचले स्तर पर पिछले महीने 19 अगस्त को देखा गया था, जब इसकी कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी।केवल सोना ही नहीं, बल्कि चांदी की चमक भी आज फीकी पड़ गई है। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमत 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम की भारी गिरावट के साथ 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। सोमवार को चांदी बिना किसी उतार-चढ़ाव के 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 2,700 रुपये लुढ़क कर 1.58 लाख रुपये के स्तर पर आया। पांच दिन में 8,900 रुपये की भारी गिरावट। जानिए पीएम मोदी की अपील और अमेरिकी फेड की नीति का सोने पर असर।वैश्विक बाजारों में आई भारी बिकवाली और घरेलू मोर्चे पर बदले घटनाक्रमों के बीच मंगलवार को भारतीय सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत लगातार पांचवें दिन गिरते हुए 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गई। केवल एक दिन में सोने के भाव में 2,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की भारी कटौती दर्ज की गई है। पांच दिनों से जारी इस गिरावट ने निवेशकों और आभूषण खरीदारों के बीच हलचल मचा दी है। वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों ने सर्राफा बाजार पर दबाव बढ़ा दिया है, इसके चलते घरेलू बाजार में यह हालिया हफ्तों के निचले स्तर पर पहुंच गया है। सोने की कीमतों में जारी यह गिरावट केवल एक दिन की कहानी नहीं है, बल्कि पिछले पांच सत्रों से यह लगातार नीचे की ओर फिसल रहा है। इस बड़ी गिरावट ने अल्पावधि के निवेशकों के मुनाफे को काफी हद तक घटा दिया है

## द बोनस मार्केट अपडेट: भारतीय बाजार की मिली-जुली शुरुआत, क्या कच्चे तेल की कीमतें निवेशकों के लिए चिंता का विषय





विश्लेषकों का कहना है कि निफ्टी के लिए शुक्रवार के उच्चतम स्तर और 50-दिवसीय ईएमए (लगभग 24,190) से ऊपर लगातार बढ़ोतरी महत्वपूर्ण है। यह बढ़ोतरी आगामी सत्रों में निफ्टी को 24,300-24,350 के क्षेत्र की ओर वापसी को बढ़ावा दे सकती है। वहीं, गिरावट की स्थिति में, यदि निफ्टी साप्ताहिक निचले स्तर 24,076 से नीचे टूटता है, तो निकट अवधि का दृष्टिकोण कमजोर हो सकता है। यह स्तर बाजार के लिए एक महत्वपूर्ण समर्थन बिंदु है।टोक्यो समय के अनुसार दोपहर 12:09 बजे तक एसएंडपी 500 वायदा में थोड़ा बदलाव देखा गया। निक्केई 225 वायदा (ओएसई) में 0.4 फीसदी की गिरावट आई, जबकि जापान का टॉपिक्स 0.5 फीसदी बढ़ा। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी/एएसएक्स 200 0.3 फीसदी गिरा। हांगकांग का हैंग सेंग 1.1 फीसदी और शंघाई कंपोजिट 0.2 फीसदी नीचे रहे। यूरो स्टॉक्स 50 वायदा में भी 0.2 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें लगातार 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। यह बढ़ती कीमतें वैश्विक अर्थव्यवस्था और कंपनियों के लाभ पर दबाव डाल सकती हैं।

भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव के बीच सकारात्मक रुख के साथ कारोबार समाप्त किया। ब्रेंट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें निवेशकों के लिए चिंता का कारण बनी हुई हैं। जानें निफ्टी के लिए आगे क्या है और वैश्विक बाजारों का हाल। भारतीय शेयर बाजार ने पिछले शुक्रवार को उतार-चढ़ाव भरे दायरे में कारोबार किया। हालांकि, बाजार दिन के उच्चतम स्तर के करीब सकारात्मक क्षेत्र में बंद होने में सफल रहा। निवेशकों के लिए ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतें 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहना एक मुख्य चिंता का विषय है, जिससे बाजार की धारणा सतर्क बनी हुई है।आज, 1 सितंबर 2026 को सुबह 9:30 बजे, भारतीय बाजार में सेंसेक्स 76,952.08 पर खुला। इसमें पिछले बंद के मुकाबले 5.19 अंकों की मामूली गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी भी 24,065.05 पर खुला, जो 15.36 अंक नीचे था। घरेलू विकास में मजबूती, राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण और पोर्टफोलियो से संबंधित विदेशी निवेश प्रवाह के चलते मंगलवार सुबह रुपया 26 पैसे बढ़कर 94.96 प्रति अमेरिकी डॉलर पर कारोबार कर रहा था।ऊर्जा लागत में वृद्धि से महंगाई बढ़ने की आशंका रहती है। इससे केंद्रीय बैंकों पर ब्याज दरें बढ़ाने का दबाव भी बना रह सकता है।

## 3 इडियट्स के सीक्वल पर राजकुमार हिरानी ने दी बड़ी अपडेट

## मुख्य कलाकारों को लेकर भी किया खुलासा




3 Idiots Sequel: राजकुमार हिरानी ने फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल को लेकर बड़ी अपडेट दी है। उन्होंने फिल्म की कास्ट को लेकर भी खुलासा किया है। आइए जानते हैं उन्होंने क्या कहा है? '3 इडियट्स' बॉलीवुड की सबसे ज्यादा मशहूर फिल्मों में से एक है। इस फिल्म के रिलीज होने के लगभग दो दशक बाद निर्देशक राजकुमार हिरानी ने इसके संभावित सीक्वल के बारे में एक बड़ी जानकारी दी है। हिरानी ने कंफर्म किया कि वह और उनकी राइटिंग टीम एक ऐसी कहानी पर काम कर रहे हैं, जो किरदारों को वापस ला सकती है। '3 इडियट्स' में आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी ने काम किया था। 3 इडियट्स' को लेकर क्या बोले राजकुमार हिरानी?

'3 इडियट्स' के सीक्वल पर काम चल रहा है लेकिन फिल्ममेकर इसकी डिटेल्स बताने की जल्दी में नहीं हैं। राजकुमार हिरानी ने एएनआई से कहा 'हम इस पर काम कर रहे हैं। जब प्रोजेक्ट सही स्टेज पर होगा, तब टीम इस पर चर्चा करेगी।' उन्होंने यह भी कन्फर्म किया कि कास्ट वही रहेगी, जिससे यह संकेत मिलता है कि आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी इसमें वापसी करेंगे।

**'3 इडियट्स' के सीक्वल पर रुक सकता है काम**

हिरानी ने साफ किया कि प्रोजेक्ट अभी भी राइटिंग स्टेज में है और इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि यह कभी बनेगा भी या नहीं। उन्होंने कहा 'हम तभी आगे बढ़ेंगे जब राइटिंग सही से हो जाएगी। हम इसे तभी बनाएंगे जब सब कुछ ठीक से हो जाएगा, वरना नहीं बनाएंगे। यह एक ऐसी फिल्म है जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया है। अगर हम उसके लेवल तक नहीं पहुंच पाए, तो कोई फायदा नहीं है।'

**कहानी पर नहीं आई कोई जानकारी**

हिरानी ने कन्फर्म किया कि 'कास्टिंग वही रहेगी', जिससे ओरिजिनल एक्टर्स की वापसी को लेकर अटकलें तेज हो सकती हैं। हालांकि फिल्ममेकर ने अभी तक पूरी कास्ट की घोषणा नहीं की है और न ही किरदारों की कहानी के बारे में कोई जानकारी दी है।

- **साल 2009 में आई '3 इडियट्स' में आमिर खान, आर माधवन और शरमन जोशी मुख्य भूमिकाओं में थे।**

## स्वरा भास्कर: विवादों में घिरने के बाद स्वरा भास्कर ने दी सफाई हिंदी में समझाया 'पद्मावत' वाले बयान का मतलब




Swara Bhasker: स्वरा भास्कर के फिल्म 'पद्मावत' की कहानी पर दिए गए बयान की आलोचना हो रही है। इस पर अभिनेत्री ने सफाई दी है। उन्होंने हिंदी में बताया कि उनका क्या कहना था। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर विवादों में घिर गई हैं। हाल ही में दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में स्वरा भास्कर ने फिल्म 'पद्मावत' की कहानी पर आपत्ति जताते हुए बयान दिया था। कुछ लोगों ने अभिनेत्री के बयान की आलोचना की। अब अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने बयान पर सफाई दी है। स्वरा ने दावा किया कि उनके बयान का गलत अनुवाद किया जा रहा है।

स्वरा ने दी सफाई

अपने नए वीडियो में स्वरा भास्कर ने कहा 'मैं यह साफ कहना चाहती हूं कि मैंने बिल्कुल ऐसा नहीं कहा कि रानी पद्मावती कायर थीं या उनके साथ जौहर करने वाली महिलाएं कायर थीं।'

अभिनेत्री ने ट्रोल्स पर साधा निशाना

फिर उन्होंने अपने हर बयान का हिंदी में अनुवाद किया ताकि अपने फॉलोअर्स को ठीक-ठीक बता सकें कि उन्होंने क्या कहा था। ट्रोल्स पर पलटवार करते हुए स्वरा ने कहा कि अगर लोगों को भाषा समझ नहीं आती है, तो उन्हें पूछना चाहिए कि उन्होंने असल में क्या कहा था, न कि झूठे दावे फैलाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, 'जो लोग मुझे गालियां देना चाहते हैं, दीजिए लेकिन सही चीज पर दीजिए।'

स्वरा ने समझाई अपनी बात

अपनी पहली बात को साफ करते हुए स्वरा ने कहा कि 'पद्मावत' का क्लाइमेक्स देखते हुए उन्हें लगा 'भगवान न करे अगर मैं दुष्कर्म पीड़िता होती, तो मुझे डरपोक जैसा महसूस होता कि मैंने खुद को नहीं मारा।' उन्होंने बताया कि उन्होंने यह बात इस बात के संदर्भ में कही थी कि दुष्कर्म समाज में एक 'महामारी' बन गया है। क्या हैं स्वरा के सवाल?

इसके बाद अभिनेत्री सवाल पूछा 'क्या हमें ऐसी फिल्म बनानी चाहिए, जिसमें यह संदेश जा रहा है कि एक औरत की शारीरिक पवित्रता उसकी जिंदगी से ज्यादा कीमती है? क्या हमें हमारी जो दुष्कर्म पीड़िया हैं, उन्हें यह संदेश देना चाहिए कि तुम्हारी जान ही चली जाती तो बेहतर था। क्या दुष्कर्म के बाद एक औरत की जिंदगी खत्म हो जाती है?

स्वरा ने दिया निर्भया का उदाहरण

स्वरा ने निर्भया को याद किया, जिसने अपनी आखिरी सांस तक छह आरोपियों से लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने यह कहकर अपनी बात खत्म की 'कभी औरतों की जीने की इच्छा को कम मत समझना।'

## 250 करोड़ के करीब पहुंच रही 'टॉक्सिक' की कमाई

## हनुमान अंश' ने फिर चौंकाया जानें 'इरुमुडी' का कलेक्शन




Box Office Collection: फिल्म 'टॉक्सिक' ने एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर दम दिखाया है। आइए जानते हैं मंगलवार को बॉक्स ऑफिस पर 'इरुमुडी' समेत 'हनुमान अंश' ने कितना कलेक्शन किया है? फिल्म 'टॉक्सिक' बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। सातवें दिन इसकी कमाई में मामूली उछाल आया है। इसकी कमाई 250 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रही है। 'इरुमुडी' का कलेक्शन 12वें दिन घटा है। 'हनुमान अंश' की कमाई में फिर उछाल आया है। 'आवारापन 2' की कमाई फिर लाखों में हुई है।

- टॉक्सिक' की सातवें दिन की कमाईफिल्म 'टॉक्सिक' में यश के अलावा कियारा आडवाणी, हुमा कुरैशी, नयनतारा और रुक्मिणी वसंत हैं। इसकी निर्देशक गीतू मोहनदास हैं।
- पहले दिन इस फिल्म ने 101.10 करोड़ रुपये की कमाई की।
- दूसरे दिन इसकी कमाई 36.40 करोड़ रुपये हुई।
- तीसरे यानी रक्षाबंधन के दिन इसने 26.60 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।
- चौथे दिन इसने 24.50 करोड़ रुपये की कमाई की।
- पांचवें दिन इसके कलेक्शन में इजाफा हुआ और इसने 23 करोड़ रुपये कमाए।
- छठे दिन इसने 7.45 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।
- सातवें दिन इसकी कमाई में फिर इजाफा हुआ हुआ और इसने 8.20 करोड़ रुपये कमाए।

## रणवीर सिंह के ये 10 फैशन लुक्स देख उड़ जाएंगे होश

## कभी पिंक तो कभी गोल्डन अंदाज में छाए एक्टर




Ranveer Singh: बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह सिर्फ अपनी फिल्मों और दमदार एक्टिंग के लिए ही नहीं, बल्कि अपने अनोखे फैशन सेंस के लिए भी जाने जाते हैं। आइए नजर डालते हैं रणवीर सिंह के ऐसे ही 10 शानदार और यादगार लुक्स पर, जिन्हें देखकर आप भी हैरान रह जाएंगे। रणवीर जब भी किसी इवेंट, अवॉर्ड शो या एयरपोर्ट पर नजर आते हैं, उनका लुक अक्सर चर्चा में आ जाता है। उनके बोल्ड, कलरफुल और जेंडर-फ्लूइड फैशन चॉइस को उनकी खास पहचान माना जाता है। यहां देखिए रणवीर के कुछ खास लुक्स।

सिर से पैर तक पिंक लुक

रणवीर का यह ऑल-पिंक लुक उनके सबसे ज्यादा चर्चा में रहे फैशन मोमेंट्स में से एक है। उन्होंने फ्यूशिया पिंक ब्लेजर, ढीली फिटिंग वाली पैंट, मैचिंग टॉप और पिंक स्नीकर्स पहने थे। इस लुक में उन्होंने दिखा दिया कि बोल्ड कलर को भी बेहद कॉन्फिडेंस के साथ कैरी किया जा सकता है।

लेयर्ड लुक में दिखा स्टाइल

इस लुक में रणवीर ने पेस्टल पिंक ब्लेजर के साथ पर्पल स्वेटर और मिंट ग्रीन पैंट पहनी थी। इसके ऊपर उन्होंने हाउंड्सटूथ कोट कैरी किया। बड़े चश्मे और नेकलेस ने उनके लुक को और स्टाइलिश बना दिया।

व्हाइट लुक में दिखे बेहद क्लासी

रणवीर का यह ऑल-व्हाइट लुक उनके बाकी एक्सपेरिमेंटल आउटफिट्स से काफी अलग था। उन्होंने व्हाइट ब्लेजर और क्रॉप्ड पैंट के साथ स्लीवलेस टॉप और व्हाइट स्नीकर्स पहने थे। ब्लैक सनग्लासेस ने इस लुक में शानदार कॉन्ट्रास्ट जोड़ा।

## कृति सेनन के विज्ञापन विवाद से जुड़े सवाल पर बचती दिखीं करीना मेघना गुलजार ने संभाली बात दिया ऐसा जवाब



Kareena Kapoor: रक्षाबंधन त्योहार के वक्त कृति सेनन अपने एक ब्रांड विज्ञापन के चलते काफी ट्रोल हुई थीं। अब हाल ही में इस मामले पर जब करीना कपूर से उनकी राय पूछी गई, तो वे इस सवाल से बचती नजर आईं। जानें क्या है पूरा मामला। कृति सेनन के हालिया राखी विज्ञापन को लेकर चल रहे विवाद के बीच करीना कपूर खान से भी स्क्रीन पर कपड़े पहनने को लेकर सवाल किया गया। हालांकि, करीना इस सवाल का जवाब देने में थोड़ी झिझकती नजर आईं। अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

**सवाल से असहज हुईं करीना**

यह सवाल करीना की आने वाली फिल्म 'दायरा' के ट्रेलर लॉन्च के दौरान पूछा गया। दरअसल, हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने रक्षाबंधन के मौके पर कृति सेनन का एक विज्ञापन जारी किया था, जिसमें उनके आउटफिट को लेकर सोशल मीडिया पर विवाद शुरू हो गया था। इसी विवाद के बीच करीना से पूछा गया कि क्या स्क्रीन पर वह इस बात को लेकर कोई सीमा तय करती हैं कि वह क्या पहनेंगी और क्या नहीं पहनेंगी। सवाल सुनने के बाद करीना थोड़ी असहज और हिचकिचाती हुई नजर आईं। तभी फिल्म की डायरेक्टर मेघना गुलजार ने बात संभालते हुए जवाब दिया। मेघना ने समझाया कि किसी एक्टर के कपड़े इस बात पर निर्भर करते हैं कि फिल्म में उसका किरदार कैसा है और डायरेक्टर उस किरदार को किस तरह दिखाना चाहता है।

उन्होंने कहा, 'उस फिल्म में किसी महिला या पुरुष का क्या किरदार है, उसके हिसाब से उन्हें कपड़े पहनाए जाएंगे। यह किरदार पर निर्भर करता है। यह डायरेक्टर पर निर्भर करता है। यह सवाल सिर्फ एक एक्टर से पूछना सही नहीं है।'

# Aaj ka Rashifal 02 September

## आज का राशिफल 02 सितंबर: सिंह, मकर और कर्क राशि वालों की आर्थिक स्थिति होगी मजबूत, मिलेगा भाग्य का साथ




**Daily Horoscope:** 2 सितंबर 2026 का दिन मेष, कर्क, सिंह, कन्या, कुंभ और मकर राशि वालों के लिए कैसा रहेगा? जानें आज करियर, धन, प्रेम, परिवार और सेहत के मामले में क्या खास रहने वाला है और किन बातों का रखना होगा ध्यान।

**Today Prediction:** 2 सितंबर 2026 का दिन कई राशियों के लिए नई उम्मीद, सफलता और सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। आज ग्रह-नक्षत्रों की चाल का असर सभी 12 राशियों के जीवन पर देखने को मिलेगा। किसी राशि के जातकों को करियर और नौकरी में तरक्की के नए अवसर मिल सकते हैं तो किसी को व्यापार और आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत मिल रहे हैं। वहीं प्रेम संबंध, पारिवारिक जीवन और स्वास्थ्य के मामले में भी दिन मिला-जुला रह सकता है। कुछ राशियों को मेहनत का बेहतर परिणाम और अचानक कोई अच्छी खबर मिल सकती है



### मेष

आज का दिन उपलब्धियों की नई कहानी लिख सकता है। लंबे समय से अटका कोई जरूरी काम आखिरकार पूरा होने से मन को बड़ी राहत मिलेगी। परिवार में आपसी प्रेम और एकजुटता बनी रहेगी। संतान की खुशी के लिए नया वाहन खरीदने का विचार भी हकीकत बन सकता है। हालांकि, सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल न करें। साथ ही, अनजान लोगों की बातों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचें, वरना फायदा उठाया जा सकता है।



### वृषभ

आज का दिन भले ही सामान्य नजर आए, लेकिन इसके भीतर कई नए अवसर छिपे हो सकते हैं। नई नौकरी का ऑफर आकर्षक लगेगा, फिर भी फिलहाल वर्तमान नौकरी में टिके रहना आपके लिए बेहतर हो सकता है। रिश्तों में भरोसा और मजबूती बढ़ेगी। वरिष्ठों का सहयोग आपका आत्मविश्वास बढ़ाएगा। अचानक खर्च सामने आने से थोड़ी चिंता हो सकती है, लेकिन आपकी मेहनत धीरे-धीरे आपको एक नई पहचान दिलाएगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में काम आ सकती है।



### मिथुन

आज पैसों के लेन-देन में थोड़ी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है, इसलिए हर सौदा सोच-समझकर करें। किसी पुराने मित्र से मुलाकात बीती यादों को फिर से ताजा कर देगी। जिम्मेदारियों से पीछे हटने के बजाय पूरे आत्मविश्वास से उनका सामना करें, सफलता आपके करीब आएगी। जीवनसाथी के लिए किया गया छोटा-सा सरप्राइज रिश्ते में फिर से मिठास घोल सकता है। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी के साथ रुका हुआ पैसा वापस मिलने की भी उम्मीद है।



### कर्क

आज जीवन में कोई सकारात्मक बदलाव दस्तक दे सकता है। संतान के व्यवहार को लेकर थोड़ी चिंता रहेगी, लेकिन धैर्य और प्यार से स्थिति आपके नियंत्रण में आ सकती है। आज आपका गुस्सा ही आपकी सबसे बड़ी कमजोरी बन सकता है, इसलिए खुद पर नियंत्रण रखें। भाई-बहनों के साथ चल रहा पुराना विवाद बातचीत से सुलझाने का अच्छा समय है। लंबे समय से अटका सरकारी काम पूरा होने की खबर आपको काफी राहत दे सकती है।



### सिंह

आज दिनभर भागदौड़ और जिम्मेदारियां आपको व्यस्त रखेंगी, लेकिन मेहनत का अच्छा परिणाम भी मिलेगा। कारोबार में नई पार्टनरशिप भविष्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। परिवार में शादी-विवाह से जुड़ी कोई पुरानी रुकावट दूर होने से घर का माहौल खुशियों से भर जाएगा। काम का दबाव शाम तक थकान या सिरदर्द दे सकता है, इसलिए बीच-बीच में आराम जरूर करें। जरूरत पड़ने पर भी उधार लेने से बचें, क्योंकि आगे चलकर यह बोझ बढ़ सकता है।



### कन्या

आज आपकी सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है, जिम्मेदारियों को समय पर पूरा करना। परिवार के बुजुर्गों की सेहत पर विशेष ध्यान दें और उनकी जरूरतों को नजरअंदाज न करें। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल रह सकता है। आपकी लोकप्रियता और लोगों का समर्थन बढ़ेगा। किसी नए पद, जिम्मेदारी या सम्मान की प्राप्ति के संकेत भी हैं। यात्रा करनी पड़े तो जल्दबाजी से बचें और अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें।



### तुला

आज आर्थिक संतुलन बनाए रखना आपके लिए सबसे जरूरी रहेगा। कमाई अच्छी हो सकती है, लेकिन अगर खर्चों पर नियंत्रण नहीं रखा तो तनाव बढ़ सकता है। परिवार की निजी समस्याओं को सुलझाने में बाहरी लोगों की सलाह लेने से बचें। किसी वरिष्ठ या अनुभवी व्यक्ति की सलाह आपके लिए सही दिशा दिखा सकती है। सेहत को नजरअंदाज करने से छोटी परेशानी बढ़ सकती है। ऑफिस में अपना ध्यान काम पर बनाए रखें, वरना बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।



### वृश्चिक

आज का दिन खुशी, मुलाकात और नए बदलावों की सौगात ला सकता है। दूर रहने वाला कोई प्रिय व्यक्ति अचानक मिल जाए तो मन को गहरा सुकून मिलेगा। घर की सजावट, मरम्मत या रिनोवेशन पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन इससे घर का माहौल और खूबसूरत होगा। छोटे बच्चों की प्यारी फरमाइशें आपका मूड बना देंगी। पैसों से जुड़े मामले सुलझने से रुका हुआ काम तेजी पकड़ेंगे। मां की सलाह को नजरअंदाज करने के बजाय उसे ध्यान से सुनना आपके लिए बेहतर रहेगा।



### धनु

आज तरक्की के कई रास्ते आपके सामने खुल सकते हैं। कारोबार को नई ऊंचाई देने के लिए बनाई गई योजना उम्मीद से बेहतर परिणाम दे सकती है। दोस्तों के साथ बिताया समय मन का तनाव कम करेगा। संतान की उपलब्धि आपको गर्व महसूस कराएगी। प्रेम जीवन में किसी खास व्यक्ति से मुलाकात या कोई खूबसूरत पल दिन को यादगार बना सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छी खबर आने की उम्मीद है।



### मकर

आज आपकी प्रगति की रफ्तार तेज रहेगी और आपकी मेहनत दूसरों को साफ नजर आएगी। हालांकि, आपकी तेजी और सफलता कुछ लोगों को पसंद नहीं आएगी, जिससे नए विरोधी भी बन सकते हैं। राजनीति या सामाजिक क्षेत्र में हर कदम सोच-समझकर उठाना जरूरी होगा। सरकारी कामों में सफलता मिलने की संभावना है। दूसरों पर जरूरत से ज्यादा निर्भर रहने से बचें, क्योंकि कोई व्यक्ति जानबूझकर या अनजाने में आपके काम में रुकावट डाल सकता है।



### कुंभ

आज का दिन आपके लिए सुकून, खुशी और पारिवारिक प्रेम लेकर आ सकता है। घर में एकता और सकारात्मक माहौल बना रहेगा। संतान की परीक्षा का अच्छा परिणाम आपकी चिंता दूर कर सकता है। जीवनसाथी को प्रमोशन मिलने से घर में गर्व और खुशी का माहौल बनेगा। भाई-बहनों की कोई सलाह किसी महत्वपूर्ण फैसले में आपके बहुत काम आएगी। दोस्तों के साथ शानदार समय बीतेगा, हालांकि किसी करीबी की सेहत को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है।



### मीन

आज छोटी-सी लापरवाही भी परेशानी बढ़ा सकती है, इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाएं। कार्यक्षेत्र में किसी से बहस होने की संभावना है, इसलिए गुस्से में कोई ऐसा शब्द न बोलें जिसका बाद में पछतावा हो। अविवाहित लोगों की जिंदगी में प्यार की नई शुरुआत हो सकती है। कारोबार में किया गया सही निवेश भविष्य में अच्छा लाभ दे सकता है। पार्टनरशिप में जाने से पहले सामने वाले की पूरी जानकारी और शर्तों की अच्छी तरह जांच कर लेना आपके लिए बेहद जरूरी रहेगा।

# Aaj Ka Love Rashifal

## आज का लव राशिफल 2 सितंबर: कर्क और मीन राशि वालों के रिश्ते होंगे मजबूत , लव लाइफ में आएगा नयापन



**Today Love Prediction:** 2 सितंबर 2026 को आपकी लव लाइफ कैसी रहेगी? जानें मेष से मीन तक सभी राशियों के लिए आज का प्रेम राशिफल और पार्टनर के साथ रिश्ते में प्यार, नजदीकी, मतभेद और रोमांस को लेकर क्या संकेत मिल रहे हैं।

**Aaj Ka Love Rashifal 02 September 2026:** 2 सितंबर का दिन प्रेम और रिश्तों के मामले में कई राशियों के लिए महत्वपूर्ण रह सकता है। किसी के रिश्ते में प्यार और विश्वास बढ़ेगा, वहीं कुछ लोगों को पार्टनर के साथ चल रही नाराजगी या गलतफहमी को दूर करने का अवसर मिलेगा। जो लोग सिंगल हैं, उनकी किसी खास व्यक्ति से बातचीत शुरू हो सकती है। ग्रहों की चाल आज आपकी लव लाइफ को किस तरह प्रभावित करेगी और पार्टनर के साथ दिन कैसा बीतेगा, जानने के लिए पढ़ें मेष से मीन तक सभी 12 राशियों का आज का लव राशिफल। यहां जानें प्रेम, रिश्ते, पार्टनर और रोमांस से जुड़े खास संकेत।

## आज का अंक ज्योतिष 2 सितंबर: मूलांक 4 और 9 वालों के लिए बन रहे सफलता के योग, मिलेंगे तरक्की के मौके




**Aaj Ka Ank Jyotish 02 September 2026:** जानें मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए आज का दिन कैसा रहेगा और करियर, धन व रिश्तों में क्या खास संकेत मिल रहे हैं।

**Ank Jyotish 02 September 2026:** सितंबर महीने का पहला दिन यानी 1 सितंबर आपके लिए कैसा रहने वाला है, इसका संकेत आपके जन्मांक यानी मूलांक से मिल सकता है। अंक ज्योतिष के अनुसार आज कुछ मूलांक वाले जातकों के लिए करियर, नौकरी और कारोबार में तरक्की के नए अवसर बन सकते हैं। वहीं, कुछ लोगों को आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के साथ रुके हुए काम पूरे होने की उम्मीद है| प्रेम संबंध और पारिवारिक जीवन के लिहाज से भी दिन कुछ मूलांक वालों के लिए खास रह सकता है। हालांकि, कुछ जातकों को बेवजह के खर्च, स्वास्थ्य और रिश्तों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत होगी। तो चलिए जानते हैं मूलांक 1 से 9 तक के जातकों के लिए 1 सितंबर 2026 का दिन कैसा रहेगा और किस मूलांक पर आज भाग्य मेहरबान रहेगा।

## सितंबर में इन 3 राशि वालों पर बढ़ेगा परेशानियों का दबाव, नौकरी-सेहत सहित धन के मामले में बरतें सावधानी




**September horoscope 2026:** सितंबर का महीना कुछ राशि वालों की परेशानियां बढ़ा सकता है। आपको सेहत, लाभ और यात्रा को लेकर कई तरह की परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं।

**September horoscope 2026:** सितंबर का महीना प्रारंभ हो गया है। इस महीने जहां कुछ राशियों को सफलता, धन और लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं कुछ राशि वालों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। ग्रहों की चाल और नक्षत्र गोचर सभी 12 राशियों पर अपना प्रभाव बनाए रखेंगे। लेकिन कुछ राशि वालों के लिए ग्रहों की स्थिति थोड़ी चुनौतीपूर्ण रह सकती है। मंगल, सूर्य और बुध की चाल का नकारात्मक प्रभाव जातकों पर देखने को मिल सकता है। ऐसे में कामकाज, सेहत और आर्थिक मामलों में सावधानी बरतना जरूरी होगा। आइए जानते हैं कि सितंबर में किन राशियों की परेशानियां बढ़ सकती हैं।

**वृषभ राशि**

वृषभ राशि वालों को सावधानी बरतने की आवश्यकता रहेगी। सेहत और संबंधों को लेकर विशेषतौर पर सतर्क रहें। परिवार के लोगों के साथ बातचीत करते समय अपनी बात शांत और समझदारी से रखें, क्योंकि छोटी-सी बात भी विवाद का कारण बन सकती है। छोटी बातों को लेकर विवाद बढ़ाने से बचें। बड़े निवेश का निर्णय लेने से पहले किसी अनुभवी से बात करें। करियर को लेकर जल्दबाजी में लिया गया कोई भी आर्थिक फैसला परेशानी बढ़ा सकता है। निवेश को लेकर कुछ योजनाएं भी आप बनाएंगे। इस माह आपको पैसों के लेनदेन में विशेष सावधानी रखनी चाहिए।

## जन्माष्टमी पर बनेंगे कई शुभ योग, इन 5 राशियों को करियर और धन के मामले में मिलेगा फायदा



**Janmashtami 2026 Rashifal:** इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर ग्रहों का खास संयोग कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ माना जा रहा है। ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार, इस ग्रह स्थिति से 5 राशियों के जातकों को धन, करियर और भाग्य के मामले में लाभ मिल सकता है। आइए जानते हैं कौन-सी हैं ये भाग्यशाली राशियां।

**Janmashtami Lucky Zodiac Signs:** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी इस बार ग्रहों और नक्षत्रों की खास स्थिति के कारण ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस दिन रोहिणी नक्षत्र के साथ हर्षण और सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है। वहीं, चंद्रमा के वृषभ राशि में स्थित होने से इस ग्रह स्थिति का महत्व और बढ़ जाता है। ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार, इन शुभ संयोगों का सकारात्मक प्रभाव कुछ राशियों पर विशेष रूप से पड़ सकता है। ऐसे में 5 राशियों के जातकों के लिए जन्माष्टमी का यह पर्व धन, सफलता और सौभाग्य के नए अवसर लेकर आ सकता है।

**वृषभ राशि**

जन्माष्टमी पर बन रहे शुभ ग्रह संयोग वृषभ राशि के जातकों के लिए आर्थिक रूप से सकारात्मक रह सकते हैं। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। नौकरीपेशा लोगों को करियर में आगे बढ़ने के नए मौके मिल सकते हैं, वहीं कारोबारियों के लिए भी मुनाफे के अवसर बन सकते हैं। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे मजबूती आने के संकेत हैं।

**कर्क राशि**

कर्क राशि वालों के लिए यह समय मानसिक सुकून और पारिवारिक खुशियां लेकर आ सकता है। लंबे समय से बना तनाव कम होने और मन को शांति मिलने की संभावना है। नौकरी करने वालों के लिए परिस्थितियां अनुकूल रह सकती हैं और काम में स्थिरता महसूस होगी। परिवार के सदस्यों के साथ संबंधों में मधुरता बढ़ सकती है और घर का माहौल बेहतर रहेगा।

# क्या अब फिटनेस को लेकर नहीं होगी कोई जल्दबाजी?

## चोटिल खिलाड़ियों के चयन पर BCCI ने बदली नीति!



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने चोटिल खिलाड़ियों के चयन को लेकर अपनी नीति में बड़ा बदलाव किया है। हालिया विवादों के बाद अब बोर्ड किसी खिलाड़ी को टीम में तभी शामिल करना चाहता है, जब उसकी फिटनेस को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हो। अफगानिस्तान सीरीज के लिए भी कुछ खिलाड़ियों का चयन फिटनेस के अधीन किया गया है।

भारतीय क्रिकेट में खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर पिछले कुछ समय से सवाल उठ रहे हैं। चोटिल खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने और फिर मैच से ठीक पहले उनके बाहर होने के मामलों ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) की मुश्किलें बढ़ाई हैं। अब इसी आलोचना के बीच बोर्ड ने खिलाड़ियों के चयन को लेकर अपनी प्रक्रिया में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है।

अब फिटनेस पर 200 फीसदी भरोसा जरूरी

रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई अब किसी खिलाड़ी को टीम में शामिल करने से पहले उसकी फिटनेस को लेकर 100 नहीं, बल्कि 200 फीसदी आश्वस्त होना चाहता है। यानी बोर्ड तब तक खिलाड़ी का नाम टीम में नहीं डालना चाहता, जब तक उसकी उपलब्धता को लेकर पर्याप्त भरोसा न हो। क्रिकबज की रिपोर्ट में बीसीसीआई की नीति से जुड़े एक सूत्र के हवाले से कहा गया, 'सिर्फ 100 फीसदी नहीं, बल्कि खिलाड़ी की उपलब्धता को लेकर 200 फीसदी आश्वस्त होने के बाद ही उसे टीम में शामिल करना चाहते हैं।'

यह बदलाव पिछले कुछ महीनों में चोटिल खिलाड़ियों के मामलों को लेकर हुई आलोचना के बाद आया है। हर्षित राणा, जसप्रीत बुमराह, वॉशिंगटन सुंदर और नीतीश कुमार रेड्डी जैसे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय टीम में चुने गए, लेकिन बाद में फिटनेस संबंधी समस्याओं के कारण बाहर हो गए।

**वीवीएस लक्ष्मण ने बताई बोर्ड की सोच**

बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CoE) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने हाल ही में चयन और फिटनेस को लेकर बोर्ड का पक्ष स्पष्ट किया था। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी फिटनेस की स्थिति के बारे में पूरी जानकारी दी जाती है और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता रखी जा रही है। लक्ष्मण ने कहा, 'यह हमेशा खिलाड़ी और टीम को ध्यान में रखकर किया जाता है। फिटनेस रिपोर्ट और चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता है।' उन्होंने यह भी बताया कि यदि किसी खिलाड़ी का चयन फिटनेस के अधीन होता है और वह फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाता, तो चयनकर्ताओं के पास उसके स्थान पर दूसरे खिलाड़ी को चुनने का विकल्प रहता है।

**सैकिया ने समझाया 'फिटनेस कंडीशन' का मतलब**

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने भी खिलाड़ियों के नाम के आगे लगाए गए तारांकित निशान यानी फिटनेस कंडीशन को लेकर सफाई दी थी। उनके मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए टीम का चयन आमतौर पर 21 से 28 दिन पहले किया जाता है। ऐसे में चयन के दिन कोई खिलाड़ी फिट नहीं होने के बावजूद सीरीज शुरू होने तक पूरी तरह फिट हो सकता है। सैकिया ने कहा, 'चयन की तारीख पर खिलाड़ी फिट नहीं है, इसलिए उसे पूरी तरह खारिज नहीं किया जाता। जब तक टीम को यात्रा करनी या मैच खेलना होता है, तब तक वह पूरी तरह फिट हो सकता है।'

# अफगानिस्तान सीरीज के लिए भारतीय टी20 टीम घोषित:

## वैभव को मिला मौका बुमराह का नाम सशर्त शामिल रिंकू की अनदेखी

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच एशियाई खेलों से पहले यह सीरीज खेली जानी है। श्रेयस अय्यर इस 15 सदस्यीय टीम की कप्तान संभालेंगे। आइए जानते हैं टीम में किस-किस खिलाड़ी को मौका दिया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। भारतीय टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खेलने उतरेगी। इस टीम में सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया गया है। इस सीरीज के लिए टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी शामिल किया गया है, लेकिन उनका खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

दिल्ली में होंगे मुकाबले

भारत और अफगानिस्तान के बीच सीरीज के तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। पहला टी20 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर और तीसरा मुकाबला 17 सितंबर को होगा। यानी भारत और अफगानिस्तान के बीच पूरी टी20 सीरीज पांच दिनों के भीतर पूरी हो जाएगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच हालिया क्रिकेट संबंध भी लगातार मजबूत हुए हैं। दोनों टीमों ने जून 2026 में तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली थी। इसके अलावा जनवरी 2024 में दोनों देशों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज भी हुई थी। सितंबर की आगामी टी20 सीरीज के बाद भारत और अफगानिस्तान तीनों फॉर्मेट में एक-दूसरे के खिलाफ मुकाबला कर चुके होंगे।

चार खिलाड़ी फिटनेस पर निर्भर

बीसीसीआई ने अफगानिस्तान के खिलाफ जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है उसमें चार खिलाड़ी ऐसे हैं जिनका खेलना तय नहीं है। इसका कारण यह है कि इन खिलाड़ियों का खेलना उनकी फिटनेस क्लीयरेंस पर निर्भर करता है। नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, बुमराह और हर्षित राणा को अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है, लेकिन इनका खेलना तय नहीं है। बीसीसीआई ने बताया कि इन चारों खिलाड़ियों का खेलना फिटनेस पर निर्भर करेगा।

रिंकू सिंह को नहीं मिला मौका

बीसीसीआई ने इस सीरीज के लिए मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं दिया है। रिंकू को इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी शामिल नहीं किया गया था। वहीं, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी को एक बार फिर टीम में जगह दी गई है। दिलचस्प बात यह है कि संजू सैमसन भी जगह बनाने में सफल रहे हैं। वहीं, तिलक वर्मा उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालते रहेंगे। भारतीय टी20 टीम को सितंबर के अंत में एशियाई खेलों में हिस्सा लेना है। एशियाड के लिए भी भारत ने मजबूत टीम का चयन किया था।




ऐसे में एशियाई खेलों से पहले अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की यह सीरीज अहम मानी जा रही है। मालूम हो कि एशियाई खेलों में भारत स्वर्ण पदक का बचाव करने उतरेगा।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम:

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (उपकप्तान), शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी*, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर*, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, जसप्रीत बुमराह*, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा*।

## कोहली ने बनवाया एक और टैटू: विराट का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल विंडीज सीरीज से पहले किया बदलाव




भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह नया टैटू बनवाते दिख रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले कोहली का नया टैटू फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपने स्टाइलिश अंदाज और फिटनेस के साथ-साथ टैटू प्रेम के लिए भी जाने जाते हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से ठीक पहले विराट कोहली का एक नया टैटू चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया पर उनका एक वीडियो और कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें वह टैटू बनवाते हुए नजर आ रहे हैं। मुंबई के स्टूडियो में दिखा नया बदलावरिपोर्ट्स के मुताबिक, विराट कोहली को मुंबई के एक मशहूर टैटू स्टूडियो (Aliens Tattoo) में देखा गया, जहां वह अपने बाएं हाथ पर नया टैटू बनवा रहे हैं। उनके इस नए डिजाइन में पानी की बूंद गिरने पर बनने वाली लहर (Ripple Design) जैसी कलाकृति नजर आ रही है। हालांकि अभी यह टैटू पूरी तरह से पूरा नहीं हुआ है और इसके कई सेशन चल चुके हैं, लेकिन इसकी झलक सामने आते ही फैंस के बीच यह चर्चा का केंद्र बन गया है।

फैंस में उत्साह विराट कोहली की बॉडी पर पहले से ही कई टैटू मौजूद हैं, जो उनके जीवन के अलग-अलग पहलुओं और संघर्षों को दर्शाते हैं। अब इस नए टैटू के जुड़ने से उनके फैंस में इसे लेकर काफी उत्सुकता है। वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज से पहले कोहली का यह नया लुक और उनका बदला हुआ अंदाज सोशल मीडिया पर छाया हुआ है जब से यह तस्वीर सामने आई है, तब से इंटरनेट पर तेजी से शेयर की जा रही है। फैंस इस पर तरह-तरह के कमेंट्स कर रहे हैं और कपल को बधाइयां दे रहे हैं। ऋचा और अली के चाहने वाले इस प्यारी सी तस्वीर पर जमकर अपना प्यार बरसा रहे हैं। बता दें कि ऋचा चड्ढा और अली फजल ने इसी साल सितंबर में अपनी बेटी का स्वागत किया था। तब से लेकर अब तक यह जोड़ा अपनी पेरेंटहुड जर्नी को बेहद खूबसूरती से एन्जॉय कर रहा है। काम के मोर्चे पर भी दोनों जल्द ही नए प्रोजेक्ट्स में नजर आने वाले हैं, लेकिन फिलहाल उनकी फैमिली लाइफ से जुड़ी ये अपडेट चर्चा का विषय बनी हुई है। बॉलीवुड के पॉपुलर कपल ऋचा चड्ढा और अली फजल अक्सर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहते हैं

**लेखकों के वैचारिक दृष्टिकोण से या संवाददाताओं की खबरों से संपादक की सहमति-असहमति अनिवार्य नहीं है। किसी लेख या खबर के सन्दर्भ में आपत्ति या विरोध हो तो संपादकीय कार्यालय से सम्पर्क करें।**
**आपके स्पष्टीकरण को साक्ष्य प्रकाशित किया जाएगा।**
**– सम्पादक**

**R.N.I. No.**
**UPHIN/25/A4228**
**स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक**
**निर्भय कुमार सेंगर**
**के लिए 'प्लैनेट न्यूज़ इंडिया' प्रेस से छपकर,**
**बी-9, गायत्री भवन,**
**विक्रम कॉलोनी, चावला पेट्रोल पंप के पास,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**
**(उ.प्र.) से प्रकाशित।**
**मो. 9454428661**
**प्रधान संपादक- निर्भय कुमार सेंगर**
**(सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अलीगढ़ होगा)**
**Email:planetnewsindia776**
**@gmail.com**

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91-7088120300













